● जयपुर, शुक्रवार, 19 जुलाई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 327 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित



**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 सार्थक मानव कुष्ठाश्रम द्वारा अखिल भारतीय कुष्ठ रोग उन्मूलन...
पेज @4 शौचालय का सेंट्रिग खोल रहे चार मजदूरों का मौत...
पेज @8 » भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने देश मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी...

### ऐतिहासिक बजट घोषणाओं के लिए पत्रकारों तथा केकड़ी के निवासियों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

# जनप्रतिनिधियों की विकास संबंधित मांग पर हो रहा तुरंत एक्शन समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र को दी सौगात आठ करोड़ प्रदेशवासी ही मेरा परिवार : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### समाज के सजग प्रहरी और लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ हैं पत्रकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए सभी मिलकर करें काम: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले पत्रकारों को मिलेगा श्री बिशन सिंह शेखावत पत्रकारिता पुरस्कार

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र से संबंधित विकास की मांगों पर तत्परता से कार्य कर रही है। पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, विधायक सहित समस्त जनप्रतिनिधि क्षेत्र की नब्ज जानते हैं, इसलिए हमने बजट में उनके फीडबैक और सुझावों के आधार पर प्रदेश की आठ करोड़ जनता के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। हमने बजट में सभी क्षेत्रों की मांग को पूरा किया है।

शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर केकड़ी जिले के निवासियों के आभार समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का वर्ष 2024-25 का परिवर्तित बजट प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस ऐतिहासिक बजट में गांव, ढाणी, शहर एवं छोटे-बड़े जिलों में विकास का ऐसा रोडमेप तैयार किया गया है, जिससे 'आपणो अग्रणी राजस्थान' का संकल्प साकार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए सबसे पहले सोचकर योजनाओं-कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। आमजन भी अपने आस-पास वंचितों की पहचान कर उन्हें लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संकल्प पत्र एवं बजट की प्रत्येक घोषणा को क्रियान्वित करने के लिए कृत संकल्पित है।





### प्रधानमंत्री सामाजिक सरोकारों के प्रणेता

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक सरोंकारों को सदैव वरीयता दी है। उन्होंने ही 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरूआत कर स्वच्छता का संदेश देने और 'बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ' अभियान चलाकर लड़के-लड़कियों का लिंगानुपात सुधारने का महत्ती काम किया है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दूरगामी कदम उठाते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की है। श्री शर्मा ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाकर इस अभियान को सफल बनाएं।

### लोकतंत्र के इस स्तंभ को बनाएंगे और सशक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा शुरू से ही यह मानना है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले पत्रकारों का आकलन होना चाहिए। इसलिए सरकार द्वारा इस वर्ष के परिवर्तित बजट में उत्कृष्ट पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों के लिए स्व. श्री बिशन सिंह शेखावत पत्रकारिता पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। साथ ही, पत्रकार कल्याण के लिए बजट में स्वतंत्र पत्रकारों के लिए अधिस्वीकरण की आयु सीमा में छूट, अधिस्वीकृत पत्रकारों के लिए राजस्थान जर्नलिस्ट हैल्थ स्कीम सहित विभिन्न कदम उठाए गए हैं। उन्होंने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि आगे भी राज्य सरकार लोकतंत्र के इस स्तंभ को और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए कार्य करेगी।

### ग्रामीण पत्रकारिता के पर्याय थे स्व. श्री शेखावत

शर्मा ने स्व. बिशन सिंह शेखावत का स्मरण करते हुए कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता का पर्याय बने श्री शेखावत ने पत्रकारिता के बेहतर मापदण्ड स्थापित किए हैं। उनके 'आओ गांव चलें' कॉलम का सभी पाठकों को बेसब्री से इंतजार रहता था। उन्होंने गांव की परम्पराओं, सामाजिक संस्कृति के ताने-बाने तथा ग्रामीणों के हर अनछूए पहलूओं को बड़ी बारीकी से इस कॉलम में दर्शाया था। कलम के समर्पित सिपाही स्व. शेखावत ने कर्मचारियों की आवाज सरकार तक पहुंचाने का काम भी बखूबी निभाया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में नागरिक कर्तव्यों का जिक्र करते हुए कहा कि कर्तव्य निभाने में जो अनुभूति होती है, वह अधिकार में नहीं होती। इसलिए हमें सहज भाव से काम के प्रति सजग रहना चाहिए जिससे देश एवं प्रदेश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को भी पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका को समझकर इसे स्वतंत्र, निष्पक्ष और सशक्त बनाए रखने के प्रयास करने चाहिए।

कार्यक्रम में पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पहली बार हुआ है जब राज्य सरकार ने अपने पहले ही बजट में पत्रकार कल्याण को प्राथमिकता दी है। पत्रकारों ने अपनी मांगों की सुनवाई पर मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पत्रकारों ने शर्मा को साफा, शॉल तथा स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के साथ संवाद भी किया। इस दौरान राज्यभर से आए वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

### केकड़ी विधायक अब पहनेंगे चरण पादुका

मुख्यमंत्री ने कहा कि केकड़ी विधायक श्री शत्रुघन गौतम ने क्षेत्र के विकास कार्यों के संकल्प के क्रम में चरण पादुका त्याग रखी है। वे जल्दी ही चरण पादुका पहनेंगे क्योंकि इस बजट में केकड़ी जिले को कई ऐतिहासिक सौगातें मिली हैं, जिससे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर श्री गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने किसान, युवा, महिला एवं वंचितों के कल्याण के लिए बजट में महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। बजट में केकड़ी जिले की हर मांग पूरी हुई है, जिसके लिए उनका कोटि-कोटि धन्यवाद।

कार्यक्रम में केकड़ी जिले के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केकड़ी के निवासियों के साथ संवाद भी किया।

### विकास की महत्वपूर्ण कड़ी-केकड़ी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केकड़ी जिले के सर्वांगीण विकास के लिए परिवर्तित बजट 2024-25, लेखानुदान एवं बजट रिप्लाई में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं एवं प्रावधान किए गए हैं। इसके अन्तर्गत 650 करोड़ रुपए की लागत से नसीराबाद-सरवाड़-केकड़ी-देवली सड़क को 4 लेन का बनाया जाएगा, जिससे अजमेर, केकड़ी और टोंक के लाखों लोगों को सुगम आवागमन मिलेगा। उन्होंने बताया कि 24 करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से थड़ोली से केकड़ी के मध्य भांसू गांव के समीप पेयजल पाइप लाइन का कार्य एवं 20 करोड़ रुपये की लागत से बिजयनगर-नगर-बडली-माताजी का खेड़ा व देवलियाकलां सड़क (बिजयनगर, भिनाय)- केकड़ी का कार्य करवाया जायेगा। इसके अतिरिक्त केकड़ी में संचालित आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी औषद्यालय तथा चिकित्सालयों को चरणबद्ध रूप से जिला आयुष चिकित्सालयों में क्रमोन्नत करने सहित क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर परिवर्तित बजट 2024-25 में पत्रकारों के लिए हुई घोषणाओं के आभार समारोह में कहा कि प्रशासन, राजनीति और पुलिस की तरह पत्रकार भी प्रदेश के समग्र कल्याण तथा विकसित राजस्थान के संकल्प सिद्धि को पूरा करने में जुटे हुए हैं। आगे भी इसी तरह पत्रकार सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक रहें। साथ ही, समाज के प्रत्येक पहलू को सशक्त बनाने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

**न्यूज़ अपडेट**

### जम्मू कश्मीर : स्कूल में बने अस्थायी सुरक्षा शिविर पर आतंकियों ने की फायरिंग, दो जवान घायल



**डोडा/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में गुरुवार तड़के आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो सैनिक घायल हो गए। सेना के अधिकारियों ने जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ कास्तीगढ़ इलाके के जद्दन बाटा गांव में देर रात करीब दो बजे हुई। तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने एक सरकारी स्कूल में स्थापित अस्थायी सुरक्षा शिविर पर गोलीबारी कर हमला किया। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की और दोनों पक्षों के बीच एक घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी जारी रही।

अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों की गोलीबारी में दो सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। वहीं आतंकवादियों को बाहर निकालने के प्रयास अभी भी जारी हैं। सोमवार और मंगलवार रात को आतंकवादियों ने गोलीबारी में एक कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मियों की हत्या कर दी थी। इसके बाद देसा और आसपास के वन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया।

# यूपी के गोंडा में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के डिब्बे पटरी से उतरे, 4 की मौत, 20 जख्मी

नई दिल्ली/एजेंसी

उत्तर प्रदेश के गोंडा में चंडीगढ़ - डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के कई डब्बे पटरी से उतर गए हैं इस हादसे में 4 की मौत हो गयी है. कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं. यह घटना गोंडा से 30 किलोमीटर की दूरी पर झिलाही रेलवे स्टेशन के पास हुई है. रेस्क्यू टीम गोंडा से रवाना हो गयी है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं. इस हादसे से गोरखपुर से लखनऊ डाउनलाइन पर गाड़ियों की आवाजाही प्रभावित हुई है. आधा दर्जन से अधिक ट्रेन पर इसका असर पड़ेगा. भारतीय रेलवे की ओर से मदद के लिए कई हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए हैं. रेलवे की ओर से मेडिकल वैन भी मौके पर भेजी गई है. हादसे के बाद वहां मंजर काफी भयावह था, क्योंकि डिब्बे बुरी तरह जहां-तहां बिखरे हुए पड़े थे. रेलवे की ओर से बताया गया है कि दोपहर करीब 2.37 बजे यह हादसा हुआ. ट्रेन के पांच से छह कोच पटरी से उतरे. अभी इस रूट की दोनों लाइनें बंद पड़ी हुई हैं.



### रेलवे ने हादसे पर क्या कहा?

» पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के गोंडा–गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज तथा झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच गुरुवार को दोपहर बाद चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए. उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है. हादसे के कारण सम्बन्धित रेल खंड पर कटिहार–अमृतसर एक्सप्रेस और गुवाहाटी–श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन कर दूसरे रास्ते से चलायी जा रही है.

हालांकि ट्रेन हादसा कैसे हुआ, इसके बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है. रेलवे की ओर से अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है.

इस हादसे के बाद लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 8957409292, 8957400965 जारी किए गए हैं. इसके साथ ही इसके साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में 15904 डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतरने के संबंध में ये हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं.

कमर्शियल कंट्रोल : 9957555984
फुरकेटिंग: 9957555966
मरियानी: 6001882410
सिमलगुरी: 8789543798
तिनसुकिया: 9957555959
डिब्रूगढ़ : 9957555960

रेल यात्रियों की मदद एवं अन्य जानकारी हेतु रेलवे द्वारा ये हेल्प लाइन नंबर भी जारी किए गए हैं.

1. गोण्डा : 8957400965
2. लखनऊ : 8957409292
3. सीवान : 9026624251
4. छपरा : 8303979217
5. देवरिया सदर- 8303098950

### नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई का बड़ा एक्शन

# पटना एम्स के 3 डॉक्टर हिरासत में लिए, लैपटॉप और मोबाइल जब्त

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

नीट पेपर लीक मामले में आज होनी वाली सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले सीबीआई को बड़ी सफलता मिली है। सीबीआई पेपर लीक गिरोह के सॉल्वर्स कनेक्शन तक पहुंच गई है और इस मामले में सीबीआई ने पटना एम्स के तीन डॉक्टरों को हिरासत में लिया है। सीबीआई तीनों डॉक्टरों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई है और ये तीनों डॉक्टर 2021 बैच के मेडिकल स्टूडेंट्स हैं। सीबीआई ने इन तीनों डॉक्टरों के लैपटॉप और मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है।

सीबीआई ने नीट पेपर लीक होने से लेकर उसे सेटिंग वाले अभ्यर्थियों तक पहुंचाने का पूरा नेटवर्क जोड़ा है। पेपर ले जाने वाले ट्रक से पर्चा उड़ाने वाले पंकज को भी सीबीआई पकड़ चुकी है जिसका हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल से कनेक्शन मिला था। हजारीबाग के इसी स्कूल से पेपर संजीव मुखिया तक पहुंचा था।

# बेहतरीन रहे जीएसटी के सात वर्ष उत्सव मनाने के लिए बहुत कुछ

सात एक विशेष संख्या है। चाहे गणित (अभाज्य संख्याएं और संख्या सिद्धांत), संगीत (सात संगीतमय स्वर), खगोल विज्ञान (चंद्र चरण में दिन) या पौराणिक कथा (सप्त चक्र, सप्त समुद्र या सप्त ऋषि) हो, सात का चक्र हमारे चारों ओर मौजूद है। इसलिए यह प्रयास उचित है कि इस महीने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सात साल पूरे होने पर, हम इस बात की जांच करने के लिए कुछ समय निकालें कि स्वतंत्रता के बाद के सबसे बड़े कर सुधार, जीएसटी, जिसे 1 जुलाई, 2017 की मध्य-रात्रि को लागू किया गया था, का प्रदर्शन कैसा रहा है। तब से, जीएसटी ने बड़े पैमाने पर अकादमिक ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। अनुपालन के सरलीकरण, लॉजिस्टिक्स में सुधार से लेकर मजबूत राजस्व संग्रह तक के प्रत्येक आयाम की विस्तार से जांच की गई है।

जीएसटी विषय से जुड़े कई दृष्टिकोणों में से एक है- जीएसटी के राजस्व प्रदर्शन पर हाल में हुई चर्चा। जो अन्य बातों के साथ-साथ यह दर्शाती है कि सकल राजस्व संग्रह में तेज वृद्धि दर्ज की जा रही है, लेकिन इस वृद्धि के अनुरूप शुद्ध राजस्व नहीं बढ़ा है। शुद्ध राजस्व हाल ही में जीएसटी-पूर्व स्तरों पर पहुंच पाया है। शुद्ध संग्रह में इस गिरावट को कुछ चिंता के साथ देखा जा रहा है। इसके अलावा, विशेष रूप से धन वापसी (रिफंड) के साथ डेटा की उपलब्धता की कमी तथा जीएसटी परिषद के कामकाज पर भी कुछ चिंताएं व्यक्त की गई हैं। आइए राजस्व प्रदर्शन से शुरू करते हुए इनमें से प्रत्येक बिंदु पर गहराई से विचार करें।खुशी की बात है कि शुद्ध राजस्व संग्रह लगातार बढ़ रहा है और जीएसटी लागू होने के बाद इसकी वृद्धि की गति बढ़ी है। दूसरा, जीएसटी शुरू होने के बाद की अवधि में शुद्ध राजस्व की वर्ष-दर-वर्ष आधार पर होने वाली वृद्धि (जीएसटी के शुरू होने से पहले की अवधि में 11.81 प्रतिशत की तुलना में) औसतन 12.76 प्रतिशत रही।

यह उपलब्धि महामारी के बाहरी झटके के बावजूद है। तीसरा, हम यह देख सकते हैं कि शुद्ध राजस्व वृद्धि ने लगातार सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। यह नई कर व्यवस्था की प्रणालीगत दक्षताओं को दर्शाता है। राजस्व संग्रह कर दरों का एक फलन होता है। यहां संदर्भ के लिए, हम इस तथ्य को याद कर सकते हैं कि कर संग्रह संबंधी दक्षता में सुधार के साथ-साथ कर दरों में उल्लेखनीय कमी आई थी। जीएसटी की शुरुआत से पहले, जीएसटी के लिए राजस्व निरपेक्ष दर (आरएनआर) से संबंधित समिति ने 15-15.5 प्रतिशत की दर की सिफारिश की थी। इसके ठीक उलट जीएसटी की शुरुआत के समय इसकी प्रभावी दर 14.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया था। बाद में सितंबर 2019 में इसे घटाकर 11.6 प्रतिशत कर दिया गया और मार्च, 20238 में यह 12.2 प्रतिशत हो गया। राजस्व के संदर्भ में, इसे अर्थव्यवस्था के लिए पिछले साल ही 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत (प्रोत्साहन) के रूप में निरूपित किया जा सकता है।

यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की तुलना में भारत की जीएसटी दरें दुनिया में सबसे कम हैं। एक उठता हुआ ज्वार सभी नावों को ऊपर उठा देता है। राजस्व में वृद्धि एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था का स्वाभाविक परिणाम होता है, हालांकि सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि के ऊपर राजस्व संग्रह में होने वाली वृद्धि (या उछाल) एक कर प्रणाली की प्रणालीगत दक्षता की असली परीक्षा होती है। इस मामले में, जीएसटी की शुरुआत के बाद से पहले पांच वर्षों के दौरान, सकल घरेलू उत्पाद (मौजूदा कीमतों पर) के मुकाबले शुद्ध राजस्व उछाल 1.02 था, जबकि जीएसटी के बाद के सात वर्षों के दौरान यह 1.28 था। यह जीएसटी द्वारा संभव बनाई गई संग्रह संबंधी क्षमता का एक प्रमाण है। निस्संदेह, मासिक आधार पर जारी किए गए राजस्व के आंकड़ों में आमतौर पर सकल संग्रह के आंकड़े शामिल होते हैं। शुद्ध आंकड़े केवल फरवरी, 2024 से प्रकाशित किए गए हैं। हालांकि, जीएसटी की शुरुआत के बाद से प्रत्येक वर्ष की वार्षिक सांख्यिकीय रिपोर्ट प्रकाशित की गई है और सार्वजनिक रूप से रखी गई है। इन रिपोर्टों में निर्यात के कारण किए जाने वाले जीएसटी रिफंड से संबंधित महीने-वार विवरण शामिल हैं। इसलिए रिफंड संबंधी आंकड़ों की सार्वजनिक दृश्यता, थोड़े अंतराल पर ही सही, बनी हुई है।

हम बिना किसी आधार के इस दावे की जांच करने के लिए आगे बढ़ते हैं कि जीएसटी परिषद में केंद्र का 'प्रभुत्व' है। जीएसटी की शुरुआत के साथ, केंद्र और राज्यों ने नए कर के प्रशासन से संबंधित मामलों में, खासतौर पर नीति निर्माण, दरों के निर्धारण, कानूनों/नियमों का मसौदा तैयार करने, अनुपालनों के समन्वय आदि जैसे क्षेत्रों में अपनी संप्रभुता को एकाकार किया। कभी-कभी इसे राज्यों की शक्तियों पर प्रतिबंध के रूप में उद्धृत किया जाता है। हालांकि, यह केंद्र सरकार के लिए भी समान रूप से एक ''प्रतिबंध'' है। जीएसटी परिषद ने अपनी समितियों के समर्थन से कई जटिल मुद्दों पर विचार किया है और वह कई ऐसी सिफारिशें लेकर आगे आई है, जिससे कानून के प्रशासन में एकरूपता और दरों की संरचना में स्थिरता आई है। यह सहकारी संघवाद की भावना का एक प्रमाण है। जीएसटी परिषद के सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। इसके अलावा, अनुपालनों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सभी त्रुटियों को दूर करने या छूट को तर्कसंगत बनाने के परिषद के सभी निर्णयों से केंद्र और राज्यों को समान रूप से लाभ पहुंचा है। उपरोक्त चर्चा से, तीन बिंदु उभर कर सामने आते हैं- सबसे पहले जीएसटी की संग्रह संबंधी क्षमताएं स्पष्ट, सुसंगत एवं प्रारंभिक हैं और मुख्य रूप से अंतर्जात कारकों के कारण हैं।

यही बात रिफंड के शुद्ध राजस्व संग्रह को देखने के समय भी लागू होती है। तीसरा, जीएसटी ने अपेक्षाकृत कम कर दरों और बाहरी झटकों के बावजूद राजस्व में लगातार वृद्धि की है। जैसे-जैसे जीएसटी अपने प्रगति के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है, ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी। उदाहरण के लिए दर संरचना का सरलीकरण, जीएसटी के दायरे से बाहर रह गई वस्तुओं को शामिल करना और साथ ही एक कुशल अपीलीय तंत्र जैसे प्रशासनिक मुद्दे। हालांकि अब जबकि जीएसटी के सात वर्ष पूरे हो गए हैं, उत्सव मनाने के लिए काफी कुछ है।

# छद्म और पाखंडी बाबाओं से मुक्ति की सार्थक पहल



ललित गर्ग

भारतीय हिंदू संतों की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद (एबीएपी) की ओर से चौदह महामण्डलेश्वरों और संतों के निष्कासन की ताजा कार्रवाई पाखण्डी एवं छद्म बाबाओं से समाज को मुक्त करने का सराहनीय कदम है। अखाड़ा परिषद की गोपनीय जांच में अखाड़ों से जुड़े ये संत धार्मिक कार्यों के बजाय धनार्जन एवं अधार्मिक कार्यों में लिप्त पाए गए। ऐसे ही अन्य बाबाओं पर व्यभिचार, दुष्कर्म, जादू-टोटके व दूसरे अनैतिक कार्यों के भी आरोप लगते रहे हैं। इनके अलावा सौ से अधिक संतों को अखाड़ा परिषद ने नोटिस भी दिया है। निष्कासित किए गए संतों को अगले साल होने वाले कुंभ में भी प्रवेश नहीं मिलेगा। अखाड़ा परिषद की ताजा कार्रवाई इस तरह के कथित धर्मगुरुओं पर लगाम लगाने की प्रभावी कोशिश मानी जाएगी। इस तरह के प्रयास हर स्तर पर होने चाहिए, ताकि छद्म एवं पाखण्डी धर्मगुरुओं से समाज को मुक्ति मिल सके। आम लोगों में भी विवेक का जागरण जरूरी है, ताकि धर्म को विकृत करने वाली ऐसी घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। अखाड़ा परिषद ने कुल चौदह ढोंगी संतों की एक सूची मीडिया में जारी की है। सूची में जेल की हवा खा रहे बाबा रामपाल, गुरमीत राम रहीम सिंह इंसां, आसाराम, नारायण साईं व असीमानंद के अलावा निर्मल बाबा, राधे मां और कई ऐसे इच्छाधारी बाबा शामिल हैं, जो पिछले कुछ सालों में अपनी करनी के चलते विवादों में रहे हैं। गोलगप्पा खिलाकर लोगों की हर समस्या का समाधान करने वाले निर्मल बाबा जैसे ढोंगियों के झांसे में लोग कैसे खिंचे चले आते हैं, इस पर भी अखाड़े की ओर से कई चौंकाने वाले तथ्य बताए गए हैं। उनका मानना है कि राधे मां और निर्मल बाबा जादू-टोटके से लोगों को अपनी ओर खींचते हैं। बाबाओं की कारस्तानियों ने सबको सकते में डाल रखा है। महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करना इन बाबाओं की दिनचर्याओं में शामिल था। लाज-शर्म की वजह से कुछ महिलाएं नहीं बोलती थीं, उन्हीं का ये बाबा फायदा उठाते थे। इन बढ़ती त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों के खिलाफ अब पूरा अखाड़ा परिषद मुखर हो उठा है। जरूरत है ऐसे ही अन्य शीर्ष धर्म संगठनों के सक्रिय होकर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाई करने की। फर्जी एवं पाखण्डी बाबाओं के मामले में भोले-भाले एवं अशिक्षित लोगों के जीवन के साथ जो खिलवाड़ हुआ है और जिन बाबाओं ने ये कुकर्म किया है, उन्हें ढूंढकर दंड देना ही चाहिए। फर्जी एवं पाखण्डी बाबाओं की परंपरा सदैव से दुष्टों के हाथ में रही है। इसका आरंभ किया था महाभारत में शकुनि ने। हमारे समाज एवं राष्ट्र ऐसे बहुत सारे बाबा रूपी शकुनि हैं, जिन्हें हम समय पर पहचान नहीं पाते हैं। कौरवों और पांडवों के बीच जब जुए का खेल हुआ, तो शर्त यही थी कि पांसे शकुनि चलेगा। शकुनि ने पांसे भी ऐसे तैयार किए थे कि उसको परिणाम और प्रश्न मालूम थे। आधुनिक बाबा भी ऐसे ही पांसे चलते हुए हुए कइयों की जिंदगी को नरक बना रहे हैं, कइयों के घर उजाड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा नुकसान उन लोगों का हुआ है, जो धार्मिक आस्थाओं के प्रति अटूट विश्वास रखते थे, क्योंकि भारत की पहचान सदा से ही साधु-संतों से जुड़ी रही है। लेकिन पिछले एक-दो दशक से कुछ फर्जी बाबाओं ने अपनी काम वासना एवं धनलोलुपता के चलते सबकुछ खंडित कर दिया है। इन बाबा रूपी शकुनियों को दंड देना ही पड़ेगा। आधुनिक बाबाओं की तरह महाभारत का शकुनि कभी किसी से नहीं डरता था, लेकिन वो कहता था, दुर्योधन! मैं इस दुनिया में केवल एक ही व्यक्ति से डरता हूं और वो श्रीकृष्ण हैं। तो हमें भी आधुनिक बाबाओं के लिये श्रीकृष्ण जैसी एक सख्त व्यवस्था लागू करनी पड़ेगी। क्योंकि श्रीकृष्ण जब किसी को दंड देते थे तो अपना और पराया कभी नहीं देखते थे। श्रीकृष्ण धर्म में जय और जय में धर्म देखते थे। वर्तमान में धर्मगुरुओं एवं बाबाओं का जो चरित्र एवं आचरण प्रस्तुत हो रहा है, वह कष्टदायक एवं विनाशकारी है। इसलिये उनके लिये श्रीकृष्ण रूपी अनुशासन-व्यवस्था को सख्ती से लागू करना ही होगा।

अखाड़ा परिषद का अपना अनुशासन है। अखाड़े से जुड़े संतों में कोई दोष नहीं आ जाए, चरित्रहीनता न आ जाये, आचरण एवं जीवनशैली दूषित न हो जाये, इसे देखते हुए वह समय-समय पर अपने महामण्डलेश्वर व दूसरे संतों की कार्यप्रणाली की गोपनीय जांच कराता रहता है। ऐसी ही हाल में की गयी जांच में सामने आया कि धनार्जन में लिप्त रहने वाले संतों की कार्यप्रणाली अखाड़ों की रीति-नीति के विपरीत थी। इनमें कुछ के तो आपराधिक लोगों से भी संबंध सामने आए। राजनेताओं से भी उनके प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। हर समुदाय में संतों का अलग ही स्थान रहता आया है। वे जहां विराजते हैं वह स्थान स्वतः ही उच्च हो जाता है। आज भी बड़ी संख्या में संत-महात्मा समाज को दिशा देने के काम में निःस्वार्थ भाव से जुटे हैं। पर बदलते दौर में संत-महात्मा-मुल्ला-मौलवियों व पीर-पगारों के छद्म-पाखण्डी वेश में ऐसे लोग भी सामने आने लगे हैं जो धार्मिक कार्यकलापों की बजाय न केवल अर्थार्जन में जुटे रहते हैं बल्कि अंधविश्वास, व्यभिचार और पाखण्ड को बढ़ावा देने में जुटे हैं। छद्म धर्मगुरु और संत लोगों की धार्मिक श्रद्धा एवं अंधभक्ति का फायदा उठाकर उन्हें ठगते हैं। ऐसे लोगों का गाहे-बगाहे सियासी जुड़ाव भी सामने आता रहता है। ऐसे ही लोग संत समाज को बदनाम करते हैं, जिससे लोगों की धार्मिक आस्था भी डगमगाने लगती है।

धर्मगुरुओं के धन के प्रति बढ़ते आकर्षण ने भी अनेक तरह की विसंगतियों एवं विकृतियों को जन्म दिया है। अब तक धर्म और धर्मगुरुओं के इर्द-गिर्द ठाट-बाट और राजा-महाराजाओं जैसी वैभवपूर्ण स्थितियां ही देखने को मिलती थीं, लेकिन अब ये तथाकथित धर्मगुरु स्वयं व्यापारी बनकर बड़ी-बड़ी कंपनियों का संचालन कर रहे हैं। एक प्रमुख महिला धर्मगुरु बहुत सारे धार्मिक कार्यों के अलावा अस्पताल, एक टीवी चैनल, इंजीनियरिंग कॉलेज और बिजनेस स्कूल चलाती है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित हुए विश्व धार्मिक सांस्कृतिक सम्मेलन में देखा कि किस तरह से पानी से लेकर खाद्य पदार्थ तक बेचे गए। एक बड़ा पंथ चलाने वाले राम-रहीम ऑर्गेनिक उत्पाद खिलाकर देश को सेहतमंद बनाने की तमन्ना रखते हैं। ये एक ऐसी लंबी सूची है जिसमें वर्तमान के लगभग सभी चर्चित धर्मगुरु ऐसे ही व्यावसायिक कार्यों और लाभकारी इकाइयों से जुड़े हैं। व्यावसायिक लाभों के लिए राजनीतिक और व्यावसायिक नेटवर्क रखने के साथ-साथ बड़ी संख्या में धार्मिक अनुयायी रखना इन तथाकथित धर्मगुरुओं की परंपरा रही है। राजनीति पर धर्म के अनुशासन की बात उचित है, लेकिन धर्मगुरुओं को प्रतिष्ठापित करने के बहाने राजनीति का खेल न खेला जाए, इस बात की जरूरत सर्वाधिक है। अपनी लोकप्रियता के बल पर कुछ धर्मगुरु भारतीय राजनीति के बदलते दौर में कुछ सीटें जीतकर सामने आए हैं। धर्मगुरु से राजनीतिज्ञ बन जाने की ये घटनाएं न केवल धर्मक्षेत्र के लिए बल्कि राजनीति के लिए भी घातक हैं। जहां धर्मगुरुओं के अनुयायी अधिक संख्या में हैं, उन क्षेत्रों में वे स्वयं जीतें न जीतें, वहां के परिणाम को प्रभावित कर ही सकते हैं। उनका यह असर किस दिशा में होगा? कौन सी बड़ी ताकत को लाभ मिलेगा? यानी राजनीति एवं राजनेताओं पर इन धर्मगुरुओं एवं बाबाओं का गहरा प्रभाव एवं वर्चस्व भी अनेक विसंगतियों का कारण बना है। हाथरस में सूरजपाल जाटव उर्फ साकार हरि 'बाबा' के तथाकथित सत्संग में 121 लोगों की मौत का कारण बना। ऐसे फर्जी एवं तथाकथित चमत्कारी बाबाओं के चक्कर लगाने वालों में महिलाएं एवं दलित बड़ी संख्या में हैं। भगदड़ एवं अन्य हादसों की स्थिति में यही लोग मारे जाते हैं। प्रश्न है कि ढोंगी एवं पाखण्डी बाबाओं के पास जाने वाले लोग अपनी तर्क-बुद्धि एवं विवेक से काम क्यों नहीं लेते? अंधविश्वासों के सहारे तरक्की की सीढ़ियां क्यों चढ़ना चाहते हैं? ये विडंबनापूर्ण स्थितियां हैं। जनता की कमजोरी के कारण ही कभी हमारे यहां धर्म की राजनीति में घुसपैठ होती रही है तो अब आर्थिक गतिविधियों से उनका गठबंधन हो रहा है। जब-जब ऐसी स्थितियां हुई हैं, तब-तब धर्म और धर्मगुरु अपने विशुद्ध स्थान से खिसके हैं। खिसकते-खिसकते वे ऐसी डांवाडोल स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां धर्म को अफीम कहा जाने लगा है।



# पुनर्योजी कृषि और इसके लाभ



मनतार सिंह

आज के समय में, जब पर्यावरणीय स्थिरता अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है, पुनर्योजी कृषि एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण के रूप में उभर रही है। यह न केवल खाद्य उत्पादन को बढ़ावा देती है, बल्कि हमारी पारिस्थितिकी प्रणालियों के स्वास्थ्य को भी बहाल और सुधारती है। पारंपरिक कृषि, जो अक्सर मिट्टी को समाप्त करती है और जैव विविधता को नुकसान पहुंचाती है, के विपरीत पुनर्योजी कृषि प्रकृति के साथ तालमेल बिठाती है। इस लेख में, हम पुनर्योजी कृषि के सिद्धांतों और इसके विभिन्न लाभों पर चर्चा करेंगे।

पुनर्योजी कृषि के सिद्धांतः पुनर्योजी कृषि में कई प्रकार की प्रथाएँ शामिल हैं, जो मिट्टी के स्वास्थ्य को बहाल करने, जैव विविधता बढ़ाने, जल चक्रों में सुधार करने और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

## इसके प्रमुख सिद्धांत :

**मिट्टी का कम विघटनः** जुताई को कम करना मिट्टी की संरचना को बनाए रखने, जैविक पदार्थ को संरक्षित करने और मिट्टी के जीवों की रक्षा करने में मदद करता है।

**फसलों का विविधीकरणः** विभिन्न फसलों की खेती मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाती है और कीट व बीमारियों के चक्र को तोड़ती है।

**कवर क्रॉपिंगः** बंद मौसम के दौरान कवर फसलों की खेती मिट्टी के कटाव को रोकती है, जैविक पदार्थ बढ़ाती है और खरपतवारों को दबाती है।

**पशुधन का एकीकरणः** प्रबंधित चराई और पशुधन का एकीकरण पोषक तत्व चक्रण और मिट्टी की उर्वरता में योगदान देता है।

**कृषि वानिकीः** खेतों में पेड़ और झाड़ियों का समावेश जैव विविधता को बढ़ाता है और अतिरिक्त आय स्रोत प्रदान करता है।

**मिट्टी जैविक पदार्थ का निर्माणः** कंपोस्टिंग और जैविक संशोधनों का उपयोग जैसे अभ्यास, मिट्टी में कार्बन बढ़ाते हैं और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करते हैं।

## पुनर्योजी कृषि के लाभः

**मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधारः** पुनर्योजी कृषि में मिट्टी के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती है, जो एक उत्पादक कृषि प्रणाली की नींव है। स्वस्थ मिट्टी जैविक पदार्थ से भरपूर होती है और लाभकारी सूक्ष्मजीवों से भरी होती है, जो मिट्टी की संरचना और पोषक तत्व उपलब्धता को बढ़ाते हैं।

**उर्वरता में वृद्धिः** सुधारित मिट्टी संरचना और पोषक तत्व चक्रण फसल की पैदावार को बढ़ाते हैं।

**कटाव की रोकथामः** स्वस्थ मिट्टी कटाव के प्रति अधिक प्रतिरोधी होती है, जिससे भूमि का क्षरण कम होता है।

**जल धारण क्षमताः** जैविक पदार्थ में वृद्धि मिट्टी की जल धारण क्षमता को बढ़ाती है, जिससे फसलें सूखे के प्रति अधिक सहनशील हो जाती हैं।

जैव विविधता पुनर्योजी कृषि का एक प्रमुख तत्व है। विभिन्न फसलों की खेती और पशुधन का एकीकरण कर-के, पुनर्योजी खेत जीवों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए आवास बनाते हैं, जिसमें मिट्टी के सूक्ष्मजीव से लेकर परागणकर्ता और वन्यजीव शामिल हैं।

**पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएंः** जैव विविध प्रणाली परागण, कीट नियंत्रण और पोषक तत्व चक्रण जैसी आवश्यक सेवाएँ प्रदान करती हैं।

**सहनशीलताः** विविध पारिस्थितिकी तंत्र पर्यावरणीय तनावों के प्रति अधिक सहनशील होते हैं, जिसमें जलवायु परिवर्तन शामिल है।

**वन्यजीव आवासः** कृषि वानिकी और विविधीकृत फसल प्रणाली पक्षियों, कीटों और अन्य वन्यजीवों के लिए आवास बनाते हैं।

## जलवायु परिवर्तन न्यूनीकरण

पुनर्योजी कृषि जलवायु परिवर्तन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि यह मिट्टी और वनस्पति में कार्बन को संचित करती है। कवर क्रॉपिंग, कम जुताई और कृषि वानिकी जैसे अभ्यास वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड को कैप्चर और संग्रहीत करते हैं।

जलवायु परिवर्तन न्यूनीकरण से लाभः

**कार्बन संचनः** जैविक पदार्थ में वृद्धि अधिक कार्बन संग्रहीत करती है, जिससे ग्रीनहाउस गैस की सांद्रता कम होती है।

**उत्सर्जन में कमीः** सिंथेटिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को कम करने से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम होता है।

**जलवायु सहनशीलताः** सुधारित मिट्टी स्वास्थ्य और जैव विविधता खेतों को चरम मौसम घटनाओं के प्रति अधिक सहनशील बनाती है।

## जल प्रबंधन :

प्रभावी जल प्रबंधन पुनर्योजी कृषि का एक अन्य महत्वपूर्ण लाभ है। जैविक पदार्थ की उच्च मात्रा वाली स्वस्थ मिट्टी जल अवशोषण और धारण में सुधार करती है, जिससे सिंचाई की आवश्यकता कम होती है।

## जल प्रबंधन से लाभः

**जल संरक्षणः** बढ़ी हुई जल धारण क्षमता सिंचाई की मांग को कम करती है।

**बाढ़ न्यूनीकरणः** सुधारित मिट्टी संरचना और कवर फसलें जल प्रवाह को कम करती हैं और भूजल पुनर्भरण में सुधार करती हैं।

**जल गुणवत्ताः** रासायनिक इनपुट पर निर्भरता कम करने से जल प्रदूषण की रोकथाम होती है और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा होती है।

## आर्थिक लाभः

हालांकि पुनर्योजी कृषि में प्रथाओं को सीखने और संक्रमण में प्रारंभिक निवेश की आवश्यकता हो सकती है, यह किसानों के लिए दीर्घकालिक आर्थिक लाभ प्रदान करती है। स्वस्थ मिट्टी और विविधीकृत आय स्रोत स्थिर और सहनशील कृषि संचालन में योगदान करते हैं।

**लागत बचतः** सिंथेटिक उर्वरकों, कीटनाशकों और सिंचाई की आवश्यकता को कम करने से इनपुट लागत में कमी आती है।

**पैदावार स्थिरताः** सुधारित मिट्टी स्वास्थ्य और सहनशीलता अधिक स्थिर पैदावार की ओर ले जाती है।

बाजार के अवसरः स्थायी रूप से उत्पादित खाद्य के प्रति उपभोक्ता की बढ़ती मांग नए बाजार के अवसर खोलती है।

निष्कर्ष

पुनर्योजी (Regenerative) कृषि एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है जो पर्यावरण, किसानों और समाज के लिए लाभदायक है। मिट्टी के स्वास्थ्य को बहाल करके, जैव विविधता को बढ़ाकर, जलवायु परिवर्तन को कम करके और जल प्रबंधन में सुधार करके, पुनर्योजी कृषि भविष्य के खाद्य उत्पादन के लिए एक स्थायी मार्ग प्रदान करती है। जैसे-जैसे इन प्रथाओं के प्रति जागरूकता और अपनाने की वृद्धि हो रही है, पुनर्योजी (Regenerative) कृषि एक सहनशील और समृद्ध कृषि परिदृश्य का वादा करती है।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले : घर में घुसकर कब मारोगे?



मनोज कुमार अग्रवाल

जम्मू कश्मीर के जम्मू रीजन में लगातार पाक प्रेरित आतंकी सक्रिय हैं। पिछले तीन माह में बढती आतंकी गतिविधियों ने जम्मू का सुख चैन दाव पर लगा दिया है। डोडा में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान सोमवार रात सुरक्षाबलों की आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक अफसर समेत पांच जवान शहीद हो गए हैं। पिछले एक माह में आतंकवादी हमलों में अप्रत्याशित बढोत्तरी हुई है एक माह के भीतर आतंकी वारदातों में हमारे 12 जांबाज जवान व अफसर तथा नौ आम नागरिक मारे जा चुके हैं। देश की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले सैनिकों को शहीद का दर्जा देकर गौरवान्वित किया जाता है लेकिन जिस तरह पाकिस्तान परस्त आतंकी जम्मू-कश्मीर में इस्लामिक जिहाद छेड़ कर लगातार सैन्य वाहनों और सैनिकों पर ताबड़तोड़ हमले कर खून खराबा कर रहे हैं उससे पता चलता है कि पाक पोषित आतंकवादियों का इन दिनों कुछ हौसला बढ गया है। फिर कुछ सिरफिरे आतंकवादी हमारे देश में घुसकर हमारे जवानों की जान ले लेते हैं तो यह हमारे लिए वीरता की बात नहीं हो सकती है? हम आतंक की अंधी गोलीबारी के शिकार बन रहे जवानों को 'शहीद' बताकर चुप बैठ जाते हैं, उन जवानों के परिजनों को गर्व का अनुभव कराया जाता है। यह सही है कि उनके लाल देश पर जान न्यौछावर कर गए, लेकिन क्या शहादत के इस महिमामंडन में सरकार अपनी नाकामी को छिपाने का काम नहीं कर रही? यह देश के लिए गर्व की नहीं, चिंता और दुख की बात होनी चाहिए, शर्म की बात होनी चाहिए कि कुछ सिरफिरे आतंकी हमारे जवानों की यूं सरेआम जान ले रहे हैं। क्या हम आतंकियों का सफाया करने में असमर्थ होते जा रहे हैं। यदि हमारे पांच जवानों की जान लेने के बाद दो आतंकी मारे भी गए तो हमारा नुकसान बड़ा है, उनका नहीं। बेहद चिंता जनक स्थिति यह है कि जम्मू कश्मीर में हमारे जवानों की जान जाना मानो कोई बड़ी बात ही नहीं रही। मीडिया में एक-दो दिन सामान्य खबर प्रसारित-प्रकाशित होती है, ठीक वैसे ही जैसे किसी दुर्घटना में कुछ लोगों की जान चली गई हो और उसके बाद सब पहले जैसा हो जाता है। लेकिन यह 'पहले जैसा' केवल बाकी लोगों के लिए होता है, उन परिवारों के लिए नहीं जो अपना लाल गंवा देते हैं।

आपको बता दें कि अमेरिकी फौज ने भागते समय अफगानिस्तान में जो आधुनिक हथियार छोड़े थे, वे अफगानिस्तान से पाकिस्तान के दहशतगर्दों के जरिए भारत के खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे हैं यही कारण हैं कि वे हथियार अब आतंकियों तक पहुंच रहे हैं और उन्हीं का उपयोग हमारी सेना को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है और हमारे सैनिकों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। इस ताज़ा वारदात में बीते सोमवार की शाम डोडा में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन चल रहा है। डोडा से करीब 55 किमी दूर डेसा के जंगल में आतंकियों को देर शाम घेर लिया। आतंकियों ने भागने की कोशिश की और गोलीबारी शुरू कर दी। लेकिन सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी रही। गोलीबारी में कैप्टन समेत 5 जवान जख्मी हो गए। मंगलवार तड़के चार जवानों की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अन्य जवान की हालत गंभीर है, उसे उधमपुर सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया जानकारी के मुताबिक, इस एनकाउंटर में कैप्टन ब्रिजेश थापा और चार जवान घायल हो गए। इस बीच, आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगलों में पहाड़ी इलाके की ओर भाग निकले। आनन-फानन में जवानों को अस्पताल लाया गया, जहां मंगलवार तड़के उनकी मौत हो गई। शहीद जवानों में सेना के कैप्टन ब्रिजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र और सिपाही अजय और एक जवान जम्मू-कश्मीर पुलिस का शामिल है।

बढ़ते आतंकी हमलों में जिस तरह देश के जवानों का बलिदान हो रहा है यह चिंता का विषय है सरकार को गंभीरता से सख्त कार्यवाही और आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए नई स्ट्रेटजी तैयार करनी चाहिए आखिर हमअपने जवानो के खून से आतंकियों को कब तक खेलने देंगे। सरकार कब तक हाथ पर हाथ धरे रहेगी? जब इजराइल हमास को खत्म करने के लिए गाजा नष्ट कर सकता है तो भारत क्यों नहीं कदम उठाता है? जम्मू-कश्मीर में पिछले एक महीने के अंदर आतंकी घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। सबसे पहले 9 जून को आतंकियों ने जम्मू के रियासी में तीर्थयात्रियों से भरी बस को निशाना बनाया, जिसमें 9 लोग मारे गए. फिर, आतंकियों ने कठुआ थमें 8 जुलाई को सेना की गाड़ी को टारगेट किया, जिसमें 5 जवान शहीद हो गए थे। नौशेरा में 10 जुलाई को आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की, हालांकि वह नाकामयाब रही। लेकिन 16 जुलाई यानी की आज आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के 4 जवान शहीद हो गए और एक पुलिसकर्मी की भी मौत हो गई। पिछले एक महीने के अंदर आतंकी 7 बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुके जिनमें 12 जवान शहीद हुए हैं और 9 आम नागरिकों की मौत हुई है।

कटरा के रियासी इलाके में तीर्थयात्रियों को माता वैष्णो देवी मंदिर लेकर जा रही 53 सीटर बस पर 9 जून की शाम आतंकियों ने हमला किया था। इसके बाद बस खाई में गिर गई थी, जिसमें एक नाबालिग समेत 9 लोगों की मौत हो गई और 41 अन्य घायल हो गए थे। बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के तीर्थयात्री सवार थे। बस पर हमले करने वाले आतंकी पहाड़ी इलाके में छुपे हुए थे। 11 जून को जम्मू कश्मीर के कठुआ के एक गांव में आतंकी घुस आए थे। इसके बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया गया था। कठुआ जिले के गांव में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों का ऑपरेशन शुरू हुआ था। इस जिले के हीरानगर सेक्टर के सैदा सुखल गांव पर आतंकियों ने हमला किया था। सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में सीआरपीएफ का एक जवान भी शहीद हुआ था।

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सेना के अस्थायी ऑपरेटिंग बेस पर 12 जून को आतंकियों ने गोलीबारी की थी। इस दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए थे। मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। इसके साथ ही एक नागरिक घायल भी हो गया था। रियासी और कठुआ के बाद जम्मू इलाके में यह तीन दिनों में तीसरा आतंकी हमला था। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम के दो गावों में 6 जुलाई को हुए एनकाउंटर में 2 जवान शहीद हो गए थे। इनमें से एक एनकाउंटर कुलगाम ले के चिनिगाम में तो वहीं दूसरा अभियान मोदरगाम गांव में हुआ था। गोली में लांस नायक प्रदीप नैन (पैरा कमांडो) और आरआर के हवलदार राज कुमार शहीद हुए थे।

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 8 जुलाई को आतंकियों ने आतंकी हमला किया था, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए थे। आतंकियों ने शाम के समय सेना के वाहन पर हमला किया था। इस दौरान आतंकियों ने सेना की गाड़ी पर ग्रेनेड भी फेंका था और अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस हमले को दो से तीन आतंकियों के अंजाम देने की बात सामने आई थी। राजौरी के नौशेरा सेक्टर में 10 जुलाई को आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। संदिग्ध आतंकियों के एक ग्रुप ने रात के समय भारतीय इलाके में घुसने कोशिश की थी, लेकिन वो कामयाब नहीं हो पाए और उन्हें उलटेपांव भागना पड़ा था। जम्मू कश्मीर के राजौरी में 7 जुलाई को सेना के शिविर पर आतंकी हमला हुआ था। इस अटैक में आर्मी का एक जवान घायल हो गया था। आतंकवादियों ने सेना के शिविर पर गोलीबारी की थी। मौजूदा घटना के बाद सेना की अन्य टीमें भी मौके पर पहुंचीं और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया। हालांकि, आतंकियों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। कश्मीर टाइगर्स जैश का ही संगठन है जिसने कठुआ में जवानों के काफिले पर हमले की जिम्मेदारी ली थी। आतंकियों की तलाश के लिए हेलिकॉप्टर से निगरानी रखी जा रही है और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। दरअसल, यहां आतंक विरोधी अभियान चलाना सबसे चुनौतीपूर्ण और कठिन माना जाता है। पिछले एक महीने से जम्मू के जंगलों और पहाड़ी इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चल रहा है। पहाड़ी इलाकों में ही आतंकियों का ज्यादा मूवमेंट है। यहां आतंकियों के अड्डे होने की खबरें हैं। जम्मू के तीन-चार जिलों के पहाड़ी इलाके में 50 से 60 आतंकियों के छिपे होने की खबर है।जरूरत इस बात की है कि भारत सरकार अपने सैनिकों को आधुनिक हथियार उपलब्ध कराने के साथ ही इजराइल की तर्ज पर पाकिस्तान की सीमा से चल रहे आतंकवाद की जड़ों को उखाड़ फेंकने की दिशा में आगे बढ़े।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## न्यूट अपडेट

## इमाम हुसैन की शहादत की याद में बुधवार को ताजिए निकाले



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में मुस्लिम समाज के द्वारा शहर की कमेटी की सदारत में बुधवार के दिन समय 2.30 ढट. दोपहर से ताजिए निकाले गए। आज कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा, वशिष्ठ अतिथि उपजिला कलेक्टर राधेश्याम मीणा, एडिशनल एसपी धौलपुर कमल कुमार जांगिड़, एडिशनल एसपी बाड़ी नरेंद्र कुमार, थानाधिकारी बाड़ी शिवलहरी मीणा, थाना अधिकारी कंचनपुर शैतान सिंह, ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज किलेदार मीणा, अहमद जमा खा वाइस चेयरमैन बाड़ी, आदि मंच पर विराजमान अतिथियों को साफा, एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया! पूर्व विधायक गिरिराज सिंह मलिंगा कि द्वारा बताया गया के होली, दीपावली, मोहर्रम, का त्यौहार, सभी हिंदू मुस्लिम मिलकर मानते हैं! और मुझे भी बहुत अच्छा लगता है! इस तरीके के त्यौहार मनाने में आनंद आता है! प्रेम आपसी सौहार्द की भावना बढ़ती है! मैं सभी से प्रार्थना करता हूं, कि सभी धर्मों के लोग आपस में मिलजुलकर सभी त्योहारों को मनाएं! जिससे भाईचारे का संदेश सभी जगह जाता है! मेरी तो सभी से यही कामना है !कि आपस में मिलजुल कर रहे, इसी बीच कमल कुमार जांगिड़ एडिशनल एसपी धौलपुर द्वारा बताया गया, कि बाड़ी में हिंदू - मुस्लिम भाइयों में भाईचारे की भावना अच्छी है, मुझे बहुत अच्छा लगा! एडिशनल एसपी बाडी नरेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि इसी प्रकार भाईचारा बना रहा, तो यह भी कोई पहचान नहीं पाएगा! कि यह कौन का त्यौहार है! सभी आपस में मिलजुल कर मनाएंगे! सौहार्द एवं प्रेम की भावना बढ़ती है! बाड़ी की हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल को बनाए रखने के लिए आभार एवं धन्यवाद, कमेटी के अहमद जमा खा वाइस चेयरमैन द्वारा बताया कि दिनांकः-16 जुलाई 24 मंगलवार को बैठे! आज दिनांकः- 17 जुलाई 24 बुधवार को दोपहर 2:30 बजे से सभी मोहल्लों से मुकाम उठ कर कस्बे से मुख्य मार्ग पर होता हुआ! रात्री में करबला पहुंच कर ताजियों को ठंडे किए गए। इस कार्यक्रम के मौके पर नजीर खान पार्षद, राशिद खान अध्यापक, रिजवान अहमद, अनीश खान, निसार अहमद, मुन्ना खान, इसरार खान, साबिर अली, आसिफ खान, शाहिद खा, सलीम खलीफा, छोटे हबीब उल्ला, मल्लिक अक्का उल्ला, जुबेर अहमद, सादिक खान, नईम खान, शकील कुरेशी, सनी टेलर, शकील खान, मुनव्वर खान, इसरार खान, आदि कमेटी के सदस्य व मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नितेश गुर्जर का किया सम्मान



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** निकटवर्ती गुढ़ागौड़जी कस्बे में गुरुवार को राजकीय उ.मा विद्यालय गुढ़ागौड़जी में श्रीलंका मे आयोजित बास्केटबॉल अंडर 18 साबा कप 2024 मे स्वर्ण पदक जीतकर लौटे नीतेश गुर्जर का सम्मान किया गया। बास्केटबॉल के सीनियर खिलाड़ी आनंद सिंह शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी करण सिंह शेखावत व पूर्व खिलाड़ी आनंद शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष हरिराम सैन थे। नीतेश गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता 10 जुलाई से 14 जुलाई तक श्रीलंका कोलम्बो मे आयोजित हुई । जिसमें भारतीय टीम ने मेजबान श्रीलंका को 87-62 से हराकर ि खताब अपने नाम किया। कार्यक्रम के दौरान लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ागौड़जी प्रभारी दिनेश सांखला, बजरंग पहलवान, बबलू शर्मा, काफी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।नितेश गुर्जर की इस उपलब्धि पर बॉस्केट बॉल के पूर्व खिलाड़ी नोरंग लाल सोनी, जितेंद्र सिंह शेखावत, कुलदीप ढाका,रमेन्द्र सिंह, राकेश वर्मा,योगेश जांगिड़, विक्रम शर्मा, प्रदीप सांखला,कृष्ण शेखावत, नरेन्द्र सिंह, विक्रम कुमावत, सचिन, साहिल, अनिल ने नितेश को बधाई दी।

## लोहार्गल वेंकटेश बालाजी मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर होंगा धार्मिक कार्यक्रम

**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में स्थित वेंकटेश बालाजी मंदिर परिसर में 21 जुलाई को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा ' लोहार्गल वेंकटेश बालाजी मंदिर के श्री अनंत विभूषित परम पूज्य श्री वेंकटेश लोहार्गल धाम पीठाधीश्वर रामानुजाचार्य स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 जुलाई को मंदिर परिसर में आचार्य चरण पादुका का कार्यक्रम प्रातः 7:15 बजे होगा ' महाराज श्री के अनुसार 21 जुलाई को ही सवा आठ बजे से गुरु चरण पूजन मंत्र एवं दीक्षा का कार्यक्रम आयोजित होगा ' इसी दिन मंदिर परिसर में आए हुए श्रद्धालु गुरु दीक्षा भी लेंगे ' गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान ही मंदिर परिसर में प्रसादी का भी आयोजन होगा जिसमें दूरदराज से आए हुए श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे।

## अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**चमकता राजस्थान, श्रीनगर (रघुनंदन पारीक)।** अजमेर विधिक सेवा समिति अध्यक्ष नवीन मीणा (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश नसीराबाद) के आदेशानुसार तालुका नसीराबाद के पीएलवी भरत प्रजापत ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नसीराबाद में अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर चित्र प्रतियोगिता का आयोजन करवाकर व उपस्थित छात्राओं को उनके अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य से भी अवगत कराते हुए बताया कि ज्यादातर देशो में बहुत सारी प्रथाएं ऐसी है जहॉ समान रूप से न्याय मिल पाना आज भी संभव नही है। और साथ ही विश्व अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस को अन्तर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय दिवस भी कहा जाता है। इस दिन न्याय का समर्थन करने वाले सभी लोग एकजुट होते है और पीडितों के अधिकारों और हितों का संरक्षण करने के लिए मौजूद अन्तर्राष्ट्रीय न्याय व्यवस्था के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के प्रयास करते है प्रधानाचार्य सुरज देवी चौहान व्याख्याता वीरेंद्र सिंह गुर्जर, संजय सिंह जय किशन भागचंदानी आदि उपस्थित रहे।

**सार्थक मानव कुष्ठाश्रम द्वारा अखिल भारतीय कुष्ठ रोग उन्मूलन अधिवेशन आयोजित**

# कुष्ठ रोगियों की इलाज के साथ उनके पुनर्वास के लिए हो प्रभावी कार्य : राज्यपाल

**चमकता राजस्थान**




**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि कुष्ठ रोगियों की पहचान और इलाज के साथ-साथ उनके पुनर्वास के लिए भी प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि साझा प्रयास के अंतर्गत सरकार और आम जन की भागीदारी हो तो कुष्ठ रोग से मुक्ति के पथ पर राष्ट्र तेजी से अग्रसर हो सकता है। उन्होंने कुष्ठ रोगियों के कौशल विकास के अधिकाधिक कार्यक्रम चलाए जाने और उन्हे आत्मनिर्भर बनाए जाने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाने का आ''ान किया। मिश्र गुरुवार को सार्थक मानव कुष्ठाश्रम द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित अखिल भारतीय कुष्ठ रोग उन्मूलन अधिवेशन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग का इलाज जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्व इस रोग से जुड़े लोगों की सेवा करना भी है। उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के साथ कुष्ठ रोग पीडितों का पुनरोद्धार भी बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि मंदिर में जाकर पूजा और यज्ञ करने से जो पुण्य प्राप्त होता है, वहीं पुण्य दीन-दुखियों की सेवा करने और उनको सम्मान से जीवन जीने के अवसर प्रदान करने से मिलता है। उन्होंने सार्थक मानव कुष्ठाश्रम की कुष्ठ रोग उन्मूलन, उनके स्वावलंबन और वृद्धाश्रम संचालन गतिविधियों की सराहना की।

मिश्र ने चिंता जताई कि विश्व की कुल कुष्ठ जनसंख्या का लगभग आधा भाग दुर्भाग्य से हमारे देश में है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पूरे विश्व में 120 से अधिक देशों में यह रोग फैला हुआ है। हर साल 2 लाख से अधिक नए कुष्ठ रोग के मामले सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए कुष्ठ रोग के इलाज के लिएं व्यावहारिक प्रयास किए जाएं, इसमें जन भागीदारी को बढ़ाया जाए।

राज्यपाल ने सार्थक मानव कुष्ठाश्रम द्वारा की जा रही सेवा से प्रेरणा लेकर जर्मन महिला थिया कोसे मुकली द्वारा श्वेबेन ओहने लेप्राश की स्थापना और उनकी पुत्री एस्ट्रिड मुकली के कार्यों को अनुकरणीय बताया।

उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए वातावरण निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कुष्ठ रोग निवारण के लिए महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश तथा देशभर में हो रहे प्रयासों में अपनी भागीदारी के अनुभव भी साझा किए। अपाल की अध्यक्ष श्रीमती माया रनावरे जी, सार्थक मानव कुष्ठाश्रम के संरक्षक, के. एल. जैन और महावीर विकलांग संस्थान के संरक्षक डा. डी. आर. मेहता ने भी कुष्ठ रोग निदान के लिए कार्य करने पर विचार रखे। आरंभ में सार्थक मानव कुष्ठाश्रम के अध्यक्ष सुरेश कौल ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। अधिवेशन के तकनीकी सत्र में कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों की सामाजिक, आर्थिक स्थितिं से जुड़े मुद्दों, नागरिक एजेंसियों द्वारा शुरू किए गए कल्याणकारी उपायों, इससे जुड़े कानूनों, कुष्ठरोग से प्रभावित व्यक्तियों के समक्ष भेदभाव और भविष्य की आने वाली चुनौतियों पर विषय विशेषज्ञों ने विचार रखे।

## राशन डीलरों ने समस्याओं को लेकर उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान, चौमहला /झालावाड़ (रमेश मोदी)।** गंगधार तहसील के समस्त राशन डीलरों ने अपनी समस्याओं को लेकर ,उपखंड अधिकारी गंगधार को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौपा है, राशन विक्रेता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मेफावत ने जानकारी देते हुवे बताया कि राशन डीलरों को मासिक मानदेय तीस हजार किया जाय ,वही गत 5 से 6 माहो का बकाया कमीशन भी दिया जाय जिसके अभाव में राशन डीलर आर्थिक संकट से जूझ रहा है, साथ ही हर माह एफ सी आई से आनेवाले गेंहू की मात्रा कम निकलती है इसलिए दो प्रतिशत छीजत की सुविधा प्रदान करे ताकि डीलर को आर्थिक नुकसान न हो, आधार सीडिंग की राशि ,प्रवासी योजना के तहत वितरण करवाये गेंहू का कमीशन व ई के वाइ सी सीडिंग का मेहनताना भी दिया जाय, जबकि ई मित्र वाले आधार कार्ड अपडेट के 150 रुपये लेते है और राशन विक्रेताको ई के वाई सी सीडिंग का सरकार द्वारा कोई चार्ज नही दिया गया ,जो मिलना चाहिए ,खाद्य सुरक्षा सूची राशन कार्ड में नाम जोड़ने व नए नाम जोड़ने का पोर्टल शुरू करने की भी मांग की है ,उपरोक्त समस्याओं का निराकरण 31 जुलाई तक नही होने पर विवश होकर 1 अगस्त से वितरण व्यवस्था को विराम देना होगा, डीलरों की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है परिवार का भरण पोषण के साथ ही बच्चों की पढ़ाई का खर्च स्कूल ड्रेस, फीस आदि की व्यवस्था करना मुश्किल हो रहा है अतःहमारा बकाया कमीशन शीघ्र दिया जाय ।

## सद्भाव मुक्ति का व असद्भाव पतन का मार्ग है: श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

**चमकता राजस्थान**

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** कामां-तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि हमें संसार या कर्मों का त्याग नहीं करना चाहिए बल्कि आसक्ति का त्याग करना चाहिए। आसक्ति रहित पुरुष की प्रत्येक क्रिया स्वार्थहीन होती है जिससे उसके आचरण में प्रेम व दया का भाव विकसित होता है। भोगों की इच्छा वाला व्यक्ति क्या अनर्थ नहीं कर सकता। राग व द्वेष सदाचार के लिए विधातक है। अतः साधक को सदैव इनसे बचना चाहिए। विषय लोलुप व्यक्ति के ना तो आचरण में ही सम्यक सुधार होता है तथा ना ही उसे कहीं शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि सद्भाव मुक्ति का व असद्भभाव पतन का मार्ग है। यथासंभव व्यर्थ के उलझाव से बचने का प्रयास करें। सत्पुरुष कभी भी उदारता, दया व सुहृदयता का त्याग नहीं करते। चाहे उनके साथ कोई निष्ठुरता या अत्यंत निर्दयता का ही व्यवहार क्यों ना करें। उन्होंने कहा जहां कि मान व प्रतिष्ठा की कामना होती है वहां दंभ व कपट को आश्रय मिल जाता है। आज समाज सुधारकों कि नहीं समाज सेवकों की आवश्यकता है। हमारे आंतरिक भाव जिस प्रकार के होंगे धीरे-धीरे बाहरी चेष्टाएँ भी वैसी होने लगेंगी। जब कोई व्यक्ति निष्पक्ष व शांत होकर अपनी अंतरात्मा से परामर्श लेता है तो उसे सदैव सत्परामर्श ही प्राप्त होता है। संसार में किसी को भी,कभी भी, किसी भी प्रकार से दुख, भय या क्लेश नहीं पहुंचना चाहिए । तथा न ही पहुंचने की प्रेरणा या इच्छा करनी चाहिए। सदैव सत्य स्वरूप परमात्मा की ही शरण लेनी चाहिए। मंगलवार को श्री हरि कृपा आश्रम में श्री रघुनाथ जी मंदिर के सम्मुख पवनपुत्र हनुमान जी के पावन व दिव्य स्वरूप का श्री महाराज जी के कर कमलों से उद्घाटन किया गया । इस बीच लगातार परम पूज्य श्री महाराज जी के दर्शनों व दिव्य अमृत वचनों को सुनने के लिए हज़ारों भक्तों का रोज़ ताँता लगा हुआ है ।आयोजकों ने पावन श्री गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर सभी धर्म प्रेमी जनता को सप्रेम आमंत्रित किया है ।महाराज श्री के दिव्य प्रवचन सुनने के लिए देश के विभिन्न प्रांतों से काफी संख्या में भक्तजन लगातार पहुंच रहे हैं। दिनांक 20 में 21 जुलाई को पावन गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष में विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन हो रहा है जिसमें हजारों भक्त, प्रमुख संत व प्रसिद्ध भजन गायक कलाकार पहुँच रहे हैं।

## बाबा हाथरस हादसे के बाद पहली बार कासगंज आश्रम पहुंचे

**चमकता राजस्थान**

**कासगंज।** को यूपी में हाथरस हादसे के बाद सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि भोले बाबा बुधवार को पहली बार अपने कासगंज आश्रम पहुंचा। उसके साथ पत्नी प्रेमवती और डॉ.एपी सिंह एडवोकेट हाई कोर्ट दिल्ली वाले भी साथ में थे। नारायण साकार हरि भोले बाबा ने 2 जुलाई की भगदड़ की घटना पर कहा- कि मैं बेहद दुखी हूँ, लेकिन, होनी को कौन टाल सकता है जो आया है, उसे एक दिन जाना ही पड़ेगा। भले ही कोई आगे या पीछे हो। भोले बाबा ने आगे कहा-कि हमारे वकील डॉ. एपी सिंह और प्रत्यक्षदर्शियों ने हमें एक जहरीले स्प्रे के बारे में बताया है। यह सच है! कि इसमें कोई साजिश है। हमें एसआईटी और न्यायिक आयोग पर भरोसा है! और हमें उम्मीद है, कि सच्चाई सामने आएगी। अभी मैं अपनी जन्मभूमि बहादुर नगर, कासगंज में हूँ ।

हाथरस में हुए हादसे के बाद बाबा ने सत्संग करना बंद कर दिया है। और बाबा लोगों के बीच भी नहीं आ जा रहे है। हादसे के 15 दिन बाद वो फिर से सत्संग करने अपने कासगंज वाले आश्रम पहुंचे। आश्रम में पुलिस टीम तैनात थी। बाबा के आने की सूचना पर तमाम भक्त आश्रम पर पहुंच गए। अपने सत्संग के दौरान बाबा ने भक्तों से कहा- हादसा होने के बाद चरण रज की बात का झूठा प्रचार किया गया। सिकंदराराऊ समेत किसी भी सत्संग में मैंने मंच से इस तरह की कोई बात कभी नहीं कही है। मेरे खिलाफ भ्रामक प्रचार करने वालों की अपनी सोच है। जिन परिवारों की हानि हुई है, मेरे सहित आश्रम परिवार संकट की घड़ी में उनके साथ है। बता दें 2 जुलाई 24 को हाथरस में सिकंदराराऊ के गांव फुलरई में भोले बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। कई लोग घायल भी हो गए थे। इस मामले में नारायण साकार हरि ऊर्फ भोले बाबा के वकील डॉ. एपी सिंह ने मामले की जांच कर रही कमेटी को शिकायत की कॉपी दी है। डॉ. एपी सिंह एडवोकेट ने घटना को सुनियोजित बताया था। इसके साथ ही वकील एपी सिंह ने दावा किया था! कि हाथरस घटना में जो लोग घायल हुए हैं और जो भी लोग वहां मौजूद थे, उसमें से कुछ लोगों ने साजिशकर्ताओं और उनकी गाड़ी को पहचान लिया है।

## विद्युत विभाग की लापरवाही और मनमाना रवैया सामने आया

**चमकता राजस्थान, धौलपुर।** बाड़ी विद्युत विभाग की लापरवाही और मनमाना रवेया सामने आया। पिछले 6 घंटो से आधी बाड़ी की लाइट डली है बंद! बंद होने का कारण, मुख्य मार्गो पर ढुलमुल तारों और नंगी डली लाइन को सही करने के बजाय 6 घंटे लोगो को किया गया! बेवजह परेशान, उपखंड की जनता के कुछ लोग बीमार हैं! बुजुर्ग हैं, कुछ बालकों का हो रहा है! हाल - विहाल, कुछ लोग गर्मी से हो रहे हैं, परेशान, आज फिर बिना सूचना के इस भीषण गर्मी में लाईट को बंद कर लोगो को किया गया परेशान, उपखंड स्तर पर 132 केबी ग्रेड स्टेशन समेत तमाम संसाधन और डिविजनल अधिकारी होने के बावजूद लाईट के ढर्रे को नहीं किया जा रहा दुरुस्त, व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी नहीं निकलते कार्यालयों से बाहर, ढुलमुल तारों, जुगाड़ू मेंटिनेंस के भरोसे आज भी साठ साल पुरानी लाईट व्यवस्था को झेलने को मजबूर है! बाड़ी के नागरिक।

## पत्रकार विष्णु मित्तल की मां गायत्री का निधन

**चमकता राजस्थान**

**भरतपुर, (राजवीर सिंह)।** वरिष्ठ पत्रकार विष्णु मित्तल और ग्राम पंचायत हलैना पूर्व पंच विनोद मित्तल की माता गायत्री मित्तल का निधन हो गया। जिनके निधन पर राजनीतिक,गैर राजनीतिक, समाजसेवी संगठनों सहित पत्रकार, उनके मित्र मंडल ने शोकाकुल मित्तल परिवार तथा पत्रकार विष्णु मित्तल को ढाढस बंधाया और श्रीमती गायत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व.गायत्री मित्तल के अन्तिम दर्शन करने को भारी संख्या में लोग आए। गायत्री मित्तल की शव यात्रा कस्बा हलैना स्थित उच्चैन हाऊस शुरु हुई, जो कस्बे के प्रमुख रास्ता और बाजार से होकर मोक्षधाम पहुंची। जिसमें भारी संख्या में परिजन, रिस्तेदार, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, मित्र आदि शामिल हुए। राजस्थान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, गृह राज्यमंत्री व नगर विधानसभा क्षेत्र केविधायक जवाहर सिंह बेढ़म, पूर्व केबिनेट मंत्री व धौलपुर करौली के सांसद भजन लाल जाटव, बयाना के पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, भरतपुर के पूर्व सांसद रंजीता कोली, पूर्व सांसद व वैर के विधायक बहादुर सिंह कोली, हरियाणा व बिहार के पूर्व राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया के पुत्र आयकर विभाग के पूर्व आयुक्त ओमप्रकाश पहाड़िया,पूर्व डीजी दिल्ली पुलिस मुकेश कुमार मीणा, समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता, केन्द्रीय मंत्री स्व राजेश पायलट के निजी सचिव रहें विजय गुप्ता, पूर्व जिला प्रमुख द्वारिकाप्रसाद गोयल आदि ने दूरभाष पर शोक जताया। पूर्व सरपंच वासुदेव गोयल, बंगालीमल ताराचंद, कपूरचंद गुप्ता, प्रहलाद गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक गुप्ता, सत्यप्रकाश, पिंटू, कृष्णा मंगल, सोहन लाल, विजय मित्तल, सतीश अग्रवाल वैर वाला आदि ने शोक प्रकट कर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इसी प्रकार पत्रकार हरदेव कटारिया, रमाकांत लाटा, राजेश पचौरी, अत्तरसिंह, राजवीर सिंह, गोपाल पाठक, देवेन्द्र पाठक, संतोष पंडित अशोक भारती, विजय सिंह धाकड़, लक्ष्मण देशवाल, थान सिंह आदि ने पत्रकार विष्णु मित्तल की मां गायत्री देवी के निधन पर शोक प्रकट किया। होनी को कौन टाल सकता है! जो आया है! उसे एक दिन जाना ही पड़ेगा!

# चंवरा चौफुल्या में जल संघर्ष समिति की बैठक आयोजित


**चमकता राजस्थान**

**उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** उपखंड क्षेत्र के चंवरा चौफुल्या में जल संकट समिति की बैठक आयोजित हुई ' बैठक में रात्रि में बिजली विभाग द्वारा 3-4 घंटे अघोषित बिजली कटौती होने का विषय बहुत ही गम्भीर मामला बनकर उभरा है, इससे गांवों में हर व्यक्ति परेशान हैरान है,साथ ही कम्पिटीशन की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स भी बहुत परेशान हैं। उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की वर्षों से गम्भीर किल्लत बनी हुई है लेकिन उस पर भी प्रशासन मौन है,इसी का परिणाम है कि बजट 2024-25 में पेयजल के लिए उदयपुरवाटी के लिए कोई किसी योजना के तहत कोई बजट का प्रावधान नहीं है। इससे उदयपुरवाटी के पहाडी बैल्ट में पेयजल की ओर अधिक समस्या बढ़ने वाली है। इसके



लिए संघर्ष समिति जल्दी ही गांव गांव आंदोलन करने की रणनीति बना रही है। बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से बागोली में तार टूटने की घटना को गम्भीरता से लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का फैसला लिया ,ऊपर वाले का शुक्र है कि कल की बागोली की घटना से कोई जन धन की हानि हुई। स्वास्थ्य विभाग को भी बढ़ती मौसमी बिमारियों की वजह से सचेत करने का फैसला किया। पेयजल व बिजली ट्रेपिंग पर प्रशासन ने जल्दी ही गम्भीरता नहीं दिखाई तो जनता मजबूर होकर ,अपने अधिकारों के लिए धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इससे पूर्व हर सदस्य ने पानी बिजली ट्रेपिंग की बात रखी व गांवों में दिन प्रतिदिन पानी की समस्या बढ़ने आदि के मुद्दे छाए रहे। बैठक में बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में एक दशक पूर्व से पानी का गम्भीर संकट के स्थायी समाधान की मांग उठ रही है । जल संघर्ष समिति 5 फरवरी से लगातार धरने प्रदर्शन कर सरकार से, पूर्व में स्वीकृत कुम्भाराम पेयजल लिफ्ट योजना व 1994 यमुना नहर, संशोधित 17 फरवरी2024 का पानी लाने की केवल कागज कार्यवाही कर खानापूर्ति कररही है। जिन 5, गांवों में कुम्भा राम पेयजल लिफ्ट योजना की पाइपलाइन डाली गई है, उसमें पानी सप्लाई कर आदि समस्या को लेकर चर्चाएं की गई। संघर्ष समिति की कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि उमस बारिश से रात्रि को बिजली कटौती करने से मच्छरों का प्रकोप झेलना पड़ रहा है। इससे मौसमी बिमारियो का भी खतरा मंडराता नजर आ रहा है।

अंत में अघोषित बिजली कटौती को बंद करने व पेयजल के लिए स्थायी समाधान की पुनः पुरजोर मांग की। साथ ही जल्दी ही, पापडा, छापोली, मणकसास व उदयपुरवाटी में, अलग-अलग, आस-पास के गांवों की संघर्ष समितियो की मीटिंग रखकर सभी के सुझावों के आधार पर आगे की बड़े आंदोलन की रूपरेखा तय करने पर सहमति बनी। बैठक में संयोजक के के सैनी, सांवर लाल खटाना, हर्षा राम, महावीर, अनिल, बागा राम, इंद्र, राजू, बनवारी आदि सहित दर्जन भर कार्यकर्ता मौजूद थे।



# गुजरात में तेजी से पैर पसार रहा है चांदीपुरा वायरस, जानें लक्षण और बचाव के उपाय

मानसून में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के खतरे के बीच एक गंभीर वायरस का प्रकोप देखने को मिल रहा है। गुजरात में चांदीपुरा वायरस की दस्तक ने लोगों को परेशान कर दिया है। पिछले पांच दिनों में गुजरात में चांदीपुरा वायरस की चपेट में आने से 6 बच्चों की मौत हो गई है। इसके साथ संक्रमण के दर बढ़कर 12 हो गए हैं। आइए जानते हैं क्या है चांदीपुरा वायरस,यह क्यों फैलता है,इसके कारण क्या हैं और इससे बचाव के उपाय क्या है।

## क्या है चांदीपुरा वायरस?

चांदीपुरा वायरस एक गंभीर और दुर्लभ वायरस है जिसकी पहचान सबसे पहली बार 1965 में भारत के महाराष्ट्र में की गई थी। नागपुर के चांदीपुरा गांव में इसकी पहचान हुई थी इसकी वजह से इसका नाम चांदीपुरा रखा गया। इसके बाद साल 2004 से 2006 और 2019 में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और गुजरात में रिपोर्ट किया गया । यह आरएनए वायरस रबडोविरिडे परिवार और वेसिकुलो वायरस जींस से जुड़ा है। बता दें की यह वायरस मादा फ्लोबोटोमाइन मक्खी, मच्छरों, टिक्स और सैंडफ्लाइज से फैलता है।


## चांदीपुरा वायरस के लक्षण

यह वायरस बुखार, फ्लू जैसे लक्षणों के साथ ही एक्यूट एन्सेफलाइटिस यानी दिमाग की सूजन का कारण बनता है। संक्रमण होने पर बुखार,दस्त, उल्टी, शरीर में अकड़न जैसे लक्षण नजर आते हैं। गंभीर मामलों में संक्रमित व्यक्ति कोमा में जा सकता है या मृत्यु भी हो सकती है। बता दें की यह वायरस मुख्य रूप से 9 से 14 उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है।

## क्या है चांदीपुरा वायरस के बचाव के उपाय?

इस वायरस से बचने के लिए मच्छर, मक्खी और कीड़ों से बचें। सुबह-शाम फुल बाजू के कपड़े पहनें। साफ सफाई का पूरा ध्यान रखें। मॉस्किटो रिपेलेंट का इस्तेमाल करें। एक्सपर्ट के मुताबिक इसका कोई उपचार नहीं है ऐसे में लक्षणों के आधार पर इलाज करना सबसे सही तरीका है। इसके प्रति जागरुकता फैला कर ही इससे बचाव किया जा सकता है।





# शुरू हो रही है दिल की बीमारी तो आपका शरीर आपको देता है ये संकेत

दिल की बीमारी शुरू होने से पहले शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देते हैं। एक्सपर्ट से जानें वो कौन से हैं और आप उन्हें कैसे पहचान सकते हैं।

हमारा शरीर किसी भी तरह की बीमारी के शुरू होने से पहले हमें कुछ संकेत देता है जो ये बताते हैं कि कहीं कोई बीमारी तो शुरू नहीं हो रही है। दरअसल, कई बार हम गंभीर लक्षणों को भी नजरअंदाज़ कर देते हैं और ये सोचते हैं कि ये लक्षण आम हैं। पर हमें ये ध्यान रखना चाहिए कि शरीर के बहुत जरूरी अंग जैसे दिल, किडनी, लिवर आदि हमें बीमारी से पहले कुछ न कुछ संकेत जरूर देते हैं। कुछ समय पहले हमनें आपको दिल की बीमारी के संकेतों के बारे में बताया था और अब हम आपको दिल की बीमारी के कुछ संकेतों के बारे में बताने जा रहे हैं।

## इनडायजेशन या पेट का दर्द

कई बार अचानक इनडायजेशन या पेट का दर्द शुरू होता है और ये लगातार बना रहता है। ऐसा भी हो सकता है कि किसी-किसी दिन एक-दो बार आपका पेट खराब रहे, लेकिन ये भी हो सकता है कि लगातार कई दिनों तक ये समस्या बनी रहे जबकि आपकी डाइट आदि में कोई बदलाव न आया हो। अगर ऐसा कुछ हुआ है तो आपको ये ध्यान रखना होगा कि आप डॉक्टर से चेकअप जरूर करवा लें। महिलाओं में ये समस्या पुरुषों की तुलना में ज्यादा होती है। ये लक्षण उन्हें पहले दिखता है।

## बार-बार चक्कर आना

आपको ऐसा अगर बार-बार लग रहा है कि आपको चक्कर आ रहा है। माइंड कंट्रोल नहीं है और बार-बार ये लगे कि आप बस अब बेहोश हो जाएंगे तो ये चिंता का विषय है और दिल की बीमारी का एक लक्षण भी। कुछ मामलों में ये नर्वस सिस्टम की खराबी या बैकबोन या ब्रेन क्लॉटिंग को भी दर्शाता है, लेकिन अगर दिल की बीमारी शुरू होने वाली है तो उसका एक लक्षण ये हो सकता है। चाहें कोई भी कारण हो ये बिलकुल सही नहीं होता और इसे इग्नोर करना सेहत के साथ खेलने जैसा है। अगर आपको ऐसा कोई लक्षण दिख रहा है तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## बहुत ज्यादा थकान बनी रहना

अगला लक्षण थकान का होता है। थकान ऐसी नहीं कि बहुत काम कर लिया तो थक गए बल्कि थकान ऐसी की आप ये भी न समझ पाएं कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। दिन भर का काम करना भी मुश्किल रहे और ज़रा सा उठने-बैठने पर आप हांफने लगें। ऐसे में आपका दिल आपको इशारा कर रहा है कि अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें और डॉक्टर से संपर्क करें।

## अचानक खर्राटे लेकर सोना

कई बार लोगों को साइनस की वजह से या फिर नाक के आकार की वजह से खर्राटे आते हैं, लेकिन अगर आपको इनमें से कोई समस्या नहीं है और अचानक खर्राटे शुरू हो गए हैं तो एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## पैर, एड़ियों और तलवों का सूझ जाना

पैरों में लगातार सूजन का बना रहना किडनी और दिल दोनों की बीमारी का संकेत माना जा सकता है। जब हमारा दिल अच्छे से ब्लड पंप नहीं कर पाता है तो इन अंगों तक सही तरह से खून भी नहीं पहुंच पाता है। ऐसे में सूजा-सूजा महसूस होता है और आपके पैरों के तलवों और एड़ियों, पैरों और तलवों पर ब्लोटिंग होने लगती है। ऐसे में अगर आपको लगता है कि पैरों में लगातार सूजन बनी हुई है तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## दिल की धड़कन और पल्स रेट का बढ़ना और गिरना

आपके दिल की धड़कन आपको ये बता सकती है कि दिल की बीमारी शुरू हो रही है या नहीं। पल्स रेट का अचानक बढ़ना, गिरना ये भी इस बात का अंदेशा दे सकता है। आपको अचानक घबराहट होना और दिल का तेज़ी से धड़कना। अगर किसी चीज़ से डर गए हैं, बहुत ज्यादा दौड़ लिए हों, बहुत एक्साइटेड हों तो ये नॉर्मल है, लेकिन अगर आप सामान्यत- जैसे बैठते हैं वैसे बैठे हैं और अचानक घबराहट, पसीना और दिल की धड़कन का असमान्य हो जाना दिखता है तो ये लक्षण सही नहीं है।

## कुछ अन्य लक्षण

- इनके अलावा दिल की बीमारी के कुछ अन्य लक्षण भी दिखते हैं जैसे-
- सीने में दर्द
- बार-बार सांस फूलना
- बार-बार हाथ या पैर का सुन्न हो जाना या वीक हो जाना
- लेफ्ट आर्म में दर्द और उसका सुन्न होना
- अपर एब्डॉमिन या बैक में दर्द होना
- ऐसा कोई भी असामान्य लक्षण अगर आपको दिख रहा है तो बेहतर होगा कि आप अपने डॉक्टर से सलाह लेने में देरी न करें। ध्यान रखें कि कभी-कभी कुछ खाने-पीने, दौड़ने-भागने, डरने या फिर बीपी के ऊपर-नीचे होने की वजह से भी ऐसे लक्षण होते हैं, लेकिन आपको अगर ऐसे लक्षण लगातार बने हुए हैं तो डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है।



बरसात के मौसम में चिकनगुनिया का जोखिम भी बढ़ जाता है। यह मच्छरों से होने वाली बीमारी है। आइए जानते हैं इसके लक्षण

# बरसात में बढ़ जाता है चिकनगुनिया का जोखिम


बरसात के मौसम में वायरल संक्रमण का खतरा काफी बढ़ जाता है। डेंगू, मलेरिया के साथ ही चिकनगुनिया का भी जोखिम बढ़ जाता है। यह बीमारी चिकनगुनिया वायरस मच्छर के कारण होती है। इंफेक्टेड मादा मच्छर एडीज एजिप्टी और एडीज एल्बोपिक्टस के काटने से कोई भी व्यक्ति इससे संक्रमित हो जाता है। यह बीमारी आमतौर पर अफ्रीका, अमरिका, एशिया, यूरोप, भारत के देशों के लोगों को ज्यादा प्रभावित करती है। आपको बता दें कि यह संक्रमण पहली बार 1952 में पूर्वी अफ्रीका में देखा गया था। संक्रमित मच्छर के काटने के 3 से 7 दिनों के बाद इसके लक्षण नजर आने लगते हैं जो की खुद ब खुद भी ठीक हो जाते हैं लेकिन बच्चे , बुजुर्ग या कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में यह गंभीर रूप ले सकता है। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में ब्लड ट्रांसफॉर्मेशन के जरिए होता है। आइए नजर डालते हैं इसके लक्षणों पर

## चिकनगुनिया के लक्षण

- सिर दर्द
- जोड़ों में दर्द
- थकान
- चक्कर आना
- लिम्फ नोड्स में संवेदनशीलता
- उल्टी
- मांसपेशियों में दर्द
- चेहरे पर चकत्ते

## क्या है इसका इलाज

एक्सपर्ट बताते हैं की इस मच्छर जनित बीमारी का पता लगाने के लिए साधारण सा ब्लड टेस्ट किया जाता है। बता दें कि चिकनगुनिया से बचाव के लिए किसी भी तरह की वैक्सीन और इलाज नहीं है। आराम, तरल पदार्थ और ओवर द काउंटर दर्द और बुखार की दवाओं से इसके लक्षणों को कम करने में मदद मिल सकती है।



# बरसात में क्यों बढ़ जाता है जोड़ों का दर्द?

बारिश का मौसम सुहावना जरूर होता है लेकिन जरूरी नहीं है कि हर किसी के लिए सुकून भरा हो, कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनके लिए यह मौसम आफत बन जाता है। इस मौसम में खूब सारी समस्या होने लगती है। अक्सर जॉइंट पेन की शिकायत बढ़ जाती है। आइए जानते हैं कि आखिर बारिश के मौसम में जोड़ों का दर्द क्यों बढ़ जाता है? और यह समस्या किन लोगों को परेशान करती है। इसको लेकर हमने एक्सपर्ट से बात की।

## बरसात में क्यों बढ़ जाता है जोड़ों का दर्द?

एक्सपर्ट बताते हैं कि मानसून के मौसम में ह्यूमिडिटी बढ़ जाती है। वातावरण में नमी का स्तर बढ़ जाता है इससे जॉइंट स्टिफ हो जाते हैं, खासकर समस्या उन लोगों होती है जिनकी हड्डियां कमजोर होती है। मौसम में ठंडापन होने के कारण लोग पानी का सेवन कम कर देते हैं,इससे फ्लूड की कमी हो जाती है। इसके कारण भी जोड़ों का दर्द बढ़ने लगता है। एक्सपर्ट बताते हैं कि वायुमंडल में पाए जाने वाले एयर प्रेशर को बैरोमेट्रिक दबाव कहा जाता है, मानसून में यह दबाव कम हो जाता है,तो शरीर के टिशू और मांसपेशियों में सूजन और दर्द बढ़ जाता है। कम तापमान के कारण टिशू ,मांसपेशियों जोड़ों में दर्द और ऐंठन हो सकता है। जिन लोगों को पहले कभी चोट लगी हो या गठिया की समस्या है उन्हें दर्द झेलना पड़ सकता है। इस दर्द से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है की आप इस मौसम में शारीरिक गतिविधि करते रहें और शरीर को हाइड्रेट रखें।

# सोते या आराम करते समय घटाएं वजन, ये टिप्स आएंगे काम



आपने शायद इसके बारे में सुना हो कि नींद लोगों के लिए कितनी जरूरी होती है। नींद न सिर्फ हमारे थके हुए शरीर और दिमाग को आराम देने के लिए जरूरी है बल्कि इसके कारण हमारे शरीर के कई फंक्शन्स पूरे होते हैं। उदाहरण के तौर पर शरीर के सभी मसल्स रिपेयर होते हैं, स्किन केयर के लिए ये समय सही होता है, शरीर का मेटाबॉलिज्म प्रोसेस इस समय सही से काम करता है। ऐसे में आपका शरीर नींद में भी वजन लूज कर सकता है पर उसके लिए आपको अपने शरीर को तैयार करना होगा।

## स्लीप साइकल पर ध्यान देना जरूरी है

ज्योति जी के मुताबिक ये कई लोगों के साथ होता है कि उन्हें क्वालिटी की जगह क्वांटिटी की चिंता होती है। कई बार आपने देखा होगा कि किसी दिन 12-13 घंटे सोने के बाद अगले दिन आप बहुत थका हुआ फील करते हैं, लेकिन वहीं 6-7 घंटे की क्वालिटी स्लीप आपके लिए अच्छी साबित होती है। नींद में हमारे शरीर में कई तरह की गतिविधियां होती हैं और शरीर का मेटाबॉलिज्म और सभी तरह की रिपेयर प्रक्रिया सही से काम करे इसके लिए आपको क्वालिटी स्लीप लेनी है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि क्वांटिटी स्लीप के मुकाबले हमेशा क्वालिटी स्लीप अच्छी होती है। ऐसा लाइफस्टाइल के कारण होता है। एक अच्छी स्लीप साइकल ही आपके वेट लॉस को प्रमोट करेगी।

## हेल्दी डाइट और डिनर का टाइम

वेट लॉस के लिए पहले आपको अपने शरीर को तैयार करना होगा। इसके लिए दिन भर में हेल्दी डाइट जरूरी है। एक तरह से देखा जाए तो यहां भी क्वालिटी और क्वांटिटी वाला फंडा आता है। ये जरूरी नहीं कि आप हेल्दी डाइट लेने के लिए बिलकुल कम खाएं या फिर एक समय पोहा-स्प्राउट्स आदि खाने के बाद दूसरे समय छोले-टिक्की, पकोड़े, बर्गर आदि खा लें। आप चीट डाइट ले सकते हैं, लेकिन वो कभी-कभी होना चाहिए। साथ ही नींद में आपका मेटाबॉलिज्म ठीक रहे उसके लिए आपको रात में सोने से करीब 2-3 घंटे पहले खाना खा लेना होगा। ऐसा करने से आपके खाने को डायजेस्ट होने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है। सोने से जस्ट पहले अगर आप खाते हैं तो शरीर अपनी पूरी एनर्जी सिर्फ खाने को डायजेस्ट करने में ही लगा देगा। ये नींद में आपके मसल रिपेयर या वेट लॉस के काम पर असर नहीं करेगा।

## सोने से पहले सारे गैजेट्स को बंद कर दें

ये शुरुआत में थोड़ा मुश्किल होगा पर धीरे-धीरे सब ठीक होने लगेगा। ये टिप बहुत जरूरी है अगर आप क्वालिटी नींद चाहते हैं तो। फोन और गैजेट्स के कारण हमारा दिमाग डिस्ट्रैक्ट होता है और इसलिए ये सही नहीं होता कि हम अपनी नींद में इनकी वजह से खलल डालें। अगर आप ये स्टेप फॉलो करेंगे तो खुद ही समझ आ जाएगा कि कितनी अच्छी तरह से आपको नींद आ रही है। हां, ये जरूर है कि शुरुआत में आपको इससे थोड़ी दिक्कत होगी और बार-बार मन करेगा कि आप अपना फोन या लैपटॉप देख लें पर ऐसा नहीं करना ठीक है।

## रात में प्रोटीन बहुत जरूरी है

अच्छी नींद और रात में भूख न लगे, बार-बार नींद न टूटे, खाना सही डायजेस्ट हो और साथ ही साथ शरीर अपने रेगुलर काम जैसे सेल रिपेयर आदि ठीक से करे। वैसे तो आप रात में प्रोटीन शेक भी पी सकते हैं, लेकिन हल्दी वाला दूध, थोड़े से नट्स आदि इस काम को बखूबी कर सकते हैं। रात को सोने से पहले ये लें ताकि आपको बार-बार मिडनाइट हंगर की समस्या न हो। जब आप सोते हैं तो आपकी सारी मसल्स रिकवर होती हैं और इस काम में प्रोटीन आपकी मदद करता है।

## मेडिटेशन करेगा मदद

आप स्ट्रेचिंग या मेडिटेशन आदि सोने से पहले कर सकते हैं। ये न सिर्फ आपकी नींद को बेहतर करेगा बल्कि इसके कारण आपका मेटाबॉलिज्म प्रोसेस भी सही होगा। आप मेडिटेशन, ब्रीदिंग एक्सरसाइज, स्ट्रेचिंग आदि कुछ भी कर सकते हैं जो आपको ठीक लगता है। दिमाग की शांति के लिए भी ये बहुत अच्छा साबित हो सकता है।

## एक नजर

### पंजाब एफसी ने आगामी सीजन के लिए लुका माजसेन के साथ फिर से किया करार



**मोहाली।** पंजाब एफसी ने आगामी 2024-25 सीजन से पहले लुका माजसेन के साथ फिर से एक साल का करार किया है। लुका ने पिछले दो सीजन पंजाब एफसी के साथ बिताए। उन्होंने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के अपने पहले सीजन में टीम की कप्तानी की, जब पंजाब एफसी आई-लीग से आईएसएल में पदोन्नत होने वाला पहला क्लब बना। लुका एक अनुभवी स्ट्राइकर हैं और उनके नेतृत्व में क्लब ने पिछले दो सीजन में प्रभाव डालने में मदद की है। लुका का 2023-24 सीजन प्रभावशाली रहा, जिसमें उन्होंने आठ गोल किए और दो बार सहायता की। 2022-23 आई-लीग सीजन में लुका ने 20 मैचों में 16 गोल किए, जिससे टीम को आईएसएल में पदोन्नति मिली और उन्होंने हीरो ऑफ द लीग और गोल्डन बूट पुरस्कार भी जीते। 35 वर्षीय स्लोवेनियाई खिलाड़ी पिछले चार सीजन से भारतीय फुटबॉल में अपना समय व्यतीत कर रहे हैं। वह भारतीय फुटबॉल के शीर्ष तीन स्तरों में खेलने वाले केवल तीसरे विदेशी हैं।

### बास्केटबॉल : लातविया की नजरें दूसरे खिताब पर, अमेरिका देगा कड़ी टक्कर




**नई दिल्ली।** 3x3 बास्केटबॉल का पेरिस में 30 जुलाई से 5 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक में दूसरा आयोजन होने से उत्साह और प्रत्याशा स्पष्ट है। टोक्यो 2020 ओलंपिक में शुरू किया गया, यह उच्च ऊर्जा और तेज गति वाला खेल प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड में स्केटबोर्डिंग, ब्रेकडांसिंग और बीएमएक्स फ्रीस्टाइल जैसे अन्य ट्रेंडी खेलों के साथ एक बार फिर दर्शकों को आकर्षित करेगा। टूर्नामेंट का प्रारूप पेरिस में होने वाले 3x3 बास्केटबॉल इवेंट में पुरुष और महिला वर्ग में आठ-आठ टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट को तीन चरणों में विभाजित किया जाएगा, प्रारंभिक समूह चरण, प्ले-इन राउंड और नॉकआउट चरण, जिसका समापन 5 अगस्त को पदक मैचों में होगा। समूह चरण में, प्रत्येक टीम अन्य सभी टीमों के विरुद्ध खेलेगी। शीर्ष दो टीमें सीधे सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमें शेष सेमीफाइनल स्थानों के लिए एक अतिरिक्त दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

# गेंद की योग्यता के अनुसार खेलना चाहिए: स्मृति

- टी-20 प्रारूप में मंधाना ने 136 मैच और 131 पारियां खेली हैं
- 28.13 की औसत और 121.83 की स्ट्राइक रेट से 3320 रन बनाए हैं



**नई दिल्ली। एजेंसी**

स्टार भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने महिला एशिया कप 2024 की शुरुआत से पहले अपनी मानसिकता पर बात की और कहा कि वह गेंद को सिर्फ उसकी योग्यता के अनुसार खेलती हैं। टी-20 प्रारूप में मंधाना ने 136 मैच और 131 पारियां खेली हैं, जिसमें उन्होंने 28.13 की औसत और 121.83 की स्ट्राइक रेट से 3320 रन बनाए हैं। मौजूदा चैंपियन भारत शुक्रवार को दांबुला में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ने के साथ रिकॉर्ड आठवें एशिया कप खिताब की ओर अपने सफर की शुरूआत करेगा। स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में मंधाना ने कहा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना आसान होता है क्योंकि टीम को लक्ष्य मिलता है, जिससे उनके लिए जोखिम का आकलन करना आसान हो जाता है।

मंधाना ने कहा मेरी मानसिकता सिर्फ गेंद की योग्यता के अनुसार खेलने की है। कभी-कभी आप पहले बल्लेबाजी करते हैं या फिर बाद में। निश्चित रूप से, जब आप दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, तो आपके सामने वह स्कोर होता है, और आप अपने जोखिमों की गणना कर सकते हैं, और आप इसके लिए जा सकते हैं। पहली पारी में, मुझे लगता है कि टी20 में, यह थोड़ा नुकसानदेह है कि आपको नहीं पता कि आपको क्या करना है। लेकिन मुझे लगता है कि इसे बहुत अधिक जटिल नहीं बनाना चाहिए, बस गेंद की योग्यता के अनुसार खेलना चाहिए। यह बहुत सरल है, बस इसे सरल रखें। मुझे ऐसा लगता है।

महिला एशिया कप से पहले, टीम इंडिया ने मैदान पर कई सफलताएं हासिल की हैं, जैसे जून-जुलाई में दक्षिण अफ्रीका को वनडे सीरीज में 3-0 से और एकमात्र टेस्ट में हराना और तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-1 से ड्रा करना, जिसमें एक मैच बारिश के कारण धुल गया। इससे पहले, भारत ने बांग्लादेश का सफल दौरा किया था, जहां उसने अप्रैल-मई में टी20 में 5-0 से जीत दर्ज की थी। पिछले साल दिसंबर से जनवरी के बीच, भारत ने ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी भी की थी, जिसमें उसने एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेले थे, जिसमें से एक टेस्ट मैच जीता था, लेकिन वनडे सीरीज 0-3 और टी20 सीरीज 1-2 से हार गया था। ये सभी सीरीज/टूर्नामेंट इस साल 3-20 अक्टूबर को बांग्लादेश में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की भारत की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होंगे, जहां भारत अपनी पहली बड़ी आईसीसी महिला ट्रॉफी जीतने का लक्ष्य रखेगा।

**भारत की महिला एशिया कप टीम**

**हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन। यात्रा आरक्षितः श्वेता सहरावत, सैका इशाक, तनुजा कंवर, मेघना सिंह।**

# एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर लौटे अनूप

**संवाददाता**

**रांची।** अंडर -15 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर लौटे अनूप कुमार का गुरुवार को रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर झारखंड कुश्ती संघ और झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाईटी (जेएसएसपीएस) की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अनूप कुमार का रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर बाजे गाजे, फूल बुके, माला से झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार के जरिये भव्य स्वागत किया गया।

साथ में जेएसएसपीएस के अधिकारी पुष्पा हांसदा, मुकुल टोप्पो, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह शामिल थे।

मौके पर कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, कुश्ती प्रशिक्षक राजीव रंजन और कुश्ती खिलाड़ी भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के बाद जेएसएसपीएस अकादमी में सीईओ जी के राठौर और उनकी टीम ने भी अनूप से मिलकर उसे खूब सारी बधाईयां दी। उल्लेखनीय है कि 16 जुलाई से 18 जुलाई तक थाईलैंड में आयोजित अंडर-15 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में अनूप कुमार ने भारतीय कुश्ती टीम की झोली में रजत पदक जीतकर न केवल अपने राज्य झारखंड, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है।



- झारखंड कुश्ती संघ और झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाईटी की ओर से भव्य स्वागत किया गया

# शतरंज प्रतियोगिता में विक्रम कुमार और शांभवी कुमारी बने प्रथम विजेता



**संवाददाता**

**रांची।** रांची के कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल सीसीएल में गुरुवार को एक दिवसीय स्व हरि नारायण सिंह शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कर्ता रिलेशंस और इस प्रतियोगिता के प्रायोजक अजय सिंह थे। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूल के लगभग 60 छात्रों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में बालक वर्ग के विक्रम कुमार प्रथम,अर्पित कुमार द्वितीय और अपूर्व कुमार तृतीय स्थान पर विजयी हुए। जबकि बालिका वर्ग में शांभवी कुमारी प्रथम,श्रेया कुमारी द्वितीय और अनीशा कुमारी तृतीय स्थान पर विजयी रही।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य एन आचार्य, समाजसेविका बिंदु देवी, अल्पाइन इन्फोटेक के निदेशक अजय कुमार, वीणा सिंह,संजय सिंह, विभा, रूद्र कुमार सिंह, जय श्रीवास्तव, शुभम चौधरी ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

### टॉम लॉथम ने अधिक लचीलापन लाने का दिया सुझाव

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टॉम लॉथम ने बुधवार को कहा कि बोर्ड को केंद्रीय अनुबंध प्रणाली के साथ और अधिक लचीला होना होगा क्योंकि अधिक खिलाड़ी फ्रेंचाइजी क्रिकेट सौदों को आगे बढ़ाने के लिए इससे बाहर निकल रहे हैं। हाल के दिनों में, केन विलियमसन, तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन और एडम मिल्ने ने केंद्रीय अनुबंधों के नवीनतम बैच के लिए खुद को अनुपलब्ध कर दिया, हालांकि विलियमसन को उनकी वरिष्ठता और टीम के भीतर स्थिति को ध्यान में रखते हुए, जब भी जरूरत हो, कीवी जर्सी पहनने के लिए एक आकस्मिक खेल समझौता दिया गया था। इस समझौते का मतलब है कि विलियमसन श्रीलंका के खिलाफ केवल कुछ सफेद गेंद के मैचों को मिस करेंगे और जब अनुबंधों की घोषणा की गई, तो उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। न्यूजीलैंड क्रिकेट के भीतर यह बदलाव तब शुरू हुआ जब तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने अधिक फ्रैंचाइजी सौदों और परिवार के साथ समय बिताने के पक्ष में केंद्रीय अनुबंध सौदे को अस्वीकार कर दिया।

# यूरोस्पोर्ट इंडिया ने शिखर धवन को बनाया मोटोजीपी का ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली। एजेंसी**



यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन को नियुक्त किया है। क्रिकेट के मैदान पर अपनी तूफानी उपस्थिति के लिए जाने जाने वाले धवन, यूरोस्पोर्ट इंडिया के नवीनतम अभियान, 'फेस कर रेस कर' के माध्यम से रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर शिखर धवन ने कहा प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के एंबेसडर के रूप में साझेदारी करना मेरे लिये सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं।

इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी विश्व स्तरीय खेलों के लिए एक प्रकाशस्तंभ रही है, जो लगातार बढ़ रहे खेल प्रशंसकों को प्रसन्न करने के अवसर प्रदान कर रही है। जो बात मुझे सबसे अधिक उत्साहित करती है वह है पूरे भारत में नए दर्शकों के लिए मोटोजीपी को पेश करने की उनकी क्षमता। हमारा लक्ष्य साथ में मिलकर प्रशंसकों को प्रेरित करना और उन्हें मोटोजीपी की आनंददायक दुनिया के साथ जोड़ना है।

फेस कर रेस कर' अभियान मोटोजीपीठ्ठ की अदम्य भावना को समाहित करता है और प्रशंसकों को अटूट दृढ़ संकल्प के साथ चुनौतियों पर विजय पाने के लिए प्रेरित करता है। 2024 मोटोजीपी सीजन में अब तक 9 रेस हो चुकी हैं। यूरोप, एशिया और डाउन अंडर में 11 और दौड़ें निर्धारित हैं, जिनका समापन 2 अगस्त से सिल्वरस्टोन में ब्रिटिशजीपी मके साथ होगा।

# चौदह वर्षीय सुलिवन सबसे कम उम्र के एमएलएस खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली। एजेंसी**



चौदह वर्षीय फिलाडेल्फिया यूनियन के मिडफील्डर कैवन सुलिवन इतिहास में सबसे कम उम्र के मेजर सॉकर लीग (एमएसएल) खिलाड़ी बन गए हैं। सुलिवन, जिनके 18 साल की उम्र में मैनचेस्टर सिटी में जाने की उम्मीद है, पेंसिल्वेनिया के सुबारू पार्क में न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन पर 5-1 की जीत में 85वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी थे। 14 साल और 293 दिन की उम्र में, उन्होंने फ्रेडी एडू द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो 2004 में डीसी यूनाइटेड के लिए खेलते समय 14 साल और 306 दिन के थे। सुलिवन किसी टीम खेल की शीर्ष प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के उत्तरी अमेरिकी खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने मई में फिलाडेल्फिया के लिए एमएलएस इतिहास में सबसे बड़े घरेलू खिलाड़ी सौदे पर हस्ताक्षर किया था। सुलिवन ने ईएसपीएन से बातचीत में कहा,श्यूनियन और सिटी ग्रुप के बीच सहयोग था - जिसने मेरे लिए यह किया। मैं हमेशा मैन सिटी देखता हूं। वे हर बच्चे की ड्रीम टीम की तरह हैं। सुलिवन ने कहा फिलाडेल्फिया और मैन सिटी के एक साथ आने और किसी बात पर सहमत होने के लिए - मैं अपने परिवार और अपने एजेंटों के साथ बैठा और हमने फैसला किया कि यह सबसे अच्छी योजना थी। फ्रेडी एडू ने सोशल मीडिया पर अपना रिकॉर्ड टूटने पर प्रतिक्रिया दी। एडू ने कहा कैवन सुलिवन को आज उनके रिकॉर्ड तोड़ने वाले डेब्यू के लिए बहुत-बहुत बधाई।

# बेन स्टोक्स ने एंडरसन, ब्रॉड युग के बाद इंग्लैंड के लिए गति को बड़ा हथियार बताया

**नॉटिंघम। एजेंसी**



इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बाद के दौर में गति को अपने लिए एक 'बड़ा हथियार' मानते हैं। एंडरसन वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में ट्रेंट ब्रिज पवेलियन की बालकनी में मौजूद रहेंगे, जबकि ब्रॉड मैदान के दूसरी तरफ स्काई स्पोर्ट्स के लिए कमेंट्री पैनल का हिस्सा होंगे। एंडरसन और ब्रॉड के अब इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में शामिल न होने के बावजूद, उनकी गेंदबाजी लाइन-अप अभी भी काफी मजबूत है। क्रिस वोक्स अपना 50वां टेस्ट कैप हासिल करेंगे, स्पीड सनसनी मार्क वुड सेट-अप में वापस आ गए हैं, और गस एटकिंसन ने थ्री लायंस के लिए अपने यादगार डेब्यू गेम के बाद खुद को दुनिया के सामने पेश किया है। अपने पहले टेस्ट मैच में एटकिंसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में सात विकेट लिए थे।

इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी भी स्टोक्स की मौजूदगी का फायदा उठाएगी, क्योंकि उन्होंने सीरीज के पहले मैच में दोनों पारियों में 18 ओवर फेंके थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से स्टोक्स ने कहा आप दुनिया के किसी भी बल्लेबाज से पूछें, चाहे वह जो रूट हो, स्टीव स्मिथ हो, मार्नस लाबुशेन हो, गति एक बड़ा हथियार है जो आपको अलग-अलग चीजें करने के लिए मजबूर करता है। यह आपको अलग तरह से सोचने के लिए मजबूर करता है। लेकिन साथ ही आपकी गति के साथ कौशल भी जुड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा पिछले हफ़्ते गस ने दिखाया कि वह सिर्फ. एक बेहतरीन तेज गेंदबाज नहीं है, वह अविश्वसनीय रूप से कुशल है। मार्क वुड भी ऐसा ही है। वह जिस तेजी से गेंदबाजी करता है, उसके साथ-साथ गेंद पर नियंत्रण और स्विंग भी रखता है, वह ऐसी चीज है जो इतनी तेजी से गेंदबाजी करने वाले गेंदबाजों में बहुत कम देखने को मिलती है।

## वाणिज्य



# ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार लगातार दबाव में कारोबार करते रहे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा चीन को टेक्नोलॉजी एक्सपोर्ट करने वाली चिप कंपनियों पर सख्ती करने का बयान देने के बाद वॉल स्ट्रीट में भगदड़ की स्थिति बन गई। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.39 प्रतिशत टूट कर 5,588.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 512.42 अंक यानी 2.77 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 17,996.92 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 111.90 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 41,309.98 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। हालांकि आखिरी 1 घंटे के कारोबार में हुई खरीदारी के सपोर्ट से यूरोपीय बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुआ। एफटीएसई इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,187.46 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,570.81 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.44 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,437.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं।

### सैनस्टार का आईपीओ शुक्रवार को खुलेगा, 23 जुलाई तक कर सकेंगे निवेश

**मुंबई।** प्लांट बेस्ड स्पेशल प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी सैनस्टार लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 19 जुलाई, शुक्रवार को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। निवेशक 23 जुलाई तक निवेश कर सकेंगे। कंपनी के शेयर 26 जुलाई को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध होंगे। कंपनी ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि उसका आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 19 जुलाई को खुलेगा। निवेशक 23 जुलाई तक निवेश कर सकेंगे। इसके लिए न्यूनतम मूल्य दायरा 90-95 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। निवेशक इसमें न्यूनतम 150 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। उसके बाद 150 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है। सैनस्टार लिमिटेड इस इश्यू के जरिए 510.15 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 397.10 करोड़ रुपये के 41,800,000 फ्रेश शेयर जारी कर रही है। इसके साथ ही कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल ओएफएस के जरिए 113.05 करोड़ रुपये के 11,900,000 शेयर बेच रहे हैं। कंपनी को आईपीओ लाने के लिए सेबी की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है।

### कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य उछलकर 86 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.35 डॉलर यानी 0.41 फीसदी उछलकर 85.43 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.51 डॉलर यानी 0.62 फीसदी बढ़कर 83.36 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# शुरुआती कमजोरी के बाद संभला बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में मजबूती का रुख नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। पहले आधे घंटे के कारोबार में बिकवाली का दबाव बना रहा। लेकिन इसके बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया। खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी देर में ही शेयर बाजार ने हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, एलटी माइंडट्री, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 2.29 प्रतिशत से लेकर 1.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बजाज ऑटो, कॉल इंडिया, एशियन पेंट्स, हीरो मोटोकॉर्प और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 2.35 प्रतिशत से लेकर 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,223 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

इनमें से 803 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,420 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 28 शेयर हरे निशान में और 22 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 202.30 अंक की कमजोरी के साथ 80,514.25 अंक के स्तर पर खुला।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने देश मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने पर क्षेत्र के देवतुल्य मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दस सालों में देश प्रदेश सहित चित्तौड़गढ में अभूतपूर्व विकास हुआ, अगले पांच सालों में विकास का बनेगा इतिहास : सीपी जोशी

**चमकता राजस्थान**



**चित्तौड़गढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने आज मावली स्थित विद्या निकेतन विद्यालय में आयोजित मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में लोकसभा विधानसभा चुनावों में क्षेत्र की जनता से मिले समर्थन और आशीर्वाद के लिए आभार प्रकट किया। इससे पूर्व उन्होंने चित्तौडगढ़ में जन सुनवाई कार्यालय पर चित्तौडगढ़ लोकसभा क्षेत्र की जनता से संवाद किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने इस दौरार उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश प्रदेश सहित चित्तौड़गढ के विकास में कोई कमी नहीं आई और अगले पांच सालों में विकास का इतिहास बनेगा। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए झूठ बोला और जनता को भ्रमित करने का काम किया, लेकिन प्रदेश की जनता को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा है और इसी भरोसे के चलते भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिला। विधानसभा चुनाव में भी जनता ने प्रदेश से कांग्रेस को उखाड़ फैंकने का काम किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में भ्रष्टाचार के नये आयाम स्थापित किए, शिक्षकों के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सामने खडे होकर शिक्षकों ने कहा था कि हमने पैसा देकर ट्रांस्फर करवाया है। कांग्रेस के पांच सालों में बिजली खरीद और कोयला खरीद में भी जमकर घोटाला किया, सर्दी में महंगे दामों पर बिजली खरीदी और गर्मी में सस्ते दामों पर लौटाने का जो निर्णय लिया उसके परिणामस्वरूप प्रदेश बिजली संकट से जूझ रहा है। बिजली के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कोई प्रयास नहीं हुए, राजस्थान हमेशा बिजली खरीदता आया। लेकिन अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डेढ लाख करोड़ से ज्यादा का एमओयू हुआ है। इस कार्यकाल में राजस्थान बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और राजस्थान बिजली खरीदने वाला नहीं बेचने वाला प्रदेश बनेगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा के लिए हर चुनाव महत्वपूर्ण होता है और पूरा संगठन मिलकर काम करता है। हाल ही में हुए चार जिला परिषद के चुनावों में तीन पर भाजपा जीती और कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। आने वाले समय में विधानसभा की पांच सीटों पर होने वाले उप चुनाव में भी परिणाम अच्छे आऐंगे। कांग्रेस पूरी तरह से बिखरी हुई है इनके नेता एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हुए है। पीसीसी चीफ सदन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को दबाने का काम करते है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा की सरकार में प्रदेश का चहुंमुखी विकास होगा, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जो बजट आया है वह विकसित राजस्थान की आधारशीला रखने वाला है, जिसमें प्रदेश के हर कोने हर वर्ग को समाहित किया गया है। इसमें आपणों अग्रणी राजस्थान का लक्ष्य साफ दिखाई देता है। इस ऐतिहासिक बजट की प्रशंसा आमजन ही नहीं कांग्रेस के नेता भी कर रहें है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रदेश की आकांक्षाओं और अपेक्षा के अनुरूप बजट आया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को पांच साल सिर्फ वादे ही दिए उनके पहले बजट में जो घोषणाएं हुई थी वो पांच साल में भी धरातल पर नहीं उतर पाई। भाजपा जो कहती है वो करती है चुनाव के समय संकल्प पत्र में जो संकल्प लिए थे छ महिने में ही उसका 45 प्रतिशत पूरा करके मुख्यमंत्री ने पूरा करके जनता को समर्पित कर दिया। बजट में की गई घोषणाएं भी धरातल पर उतरेगी।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांति लाल चपलोत, वरिष्ठ नेता मांगी लाल जोशी, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, उदयपुर देहात जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, पूर्व विधायक दलीचंद डांगी, विधायक प्रत्याशी कृष्ण गोपाल पालीवाल, दिनेश कावड़िया, रोशन सुथार समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, समस्त मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## 13 संत अखाड़ों से निष्कासित, 112 को नोटिस, नहीं जा सकेंगे कुंभ में

प्रयागराज/एजेंसी। प्रयागराज में संगम के तट पर आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 से पहले संतों की संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद (एबीएपी) ने धार्मिक कर्तव्यों के बजाय वित्तीय गतिविधियों में लिप्त होने के कारण 13 महामंडलेश्वरों और संतों को निष्कासित कर दिया है। इसके अलावा 112 संतों को नोटिस जारी किए गए हैं। इन संतों को 30 जुलाई तक संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं देने पर निष्कासित किया जा सकता है। निष्कासित संतों को महाकुंभ में प्रवेश नहीं दिया जाएगा ।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और निरंजनी अखाड़े के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि छह संतों की आंतरिक जांच में कई महामंडलेश्वर और संत परीक्षा में पास नहीं हुए। अखाड़ा परिषद संतों की गतिविधियों की समय-समय पर गोपनीय जांच करवाता है और कार्रवाई करता है। जिन संतों को नोटिस दिया गया है उनमें जूना अखाड़े के 54 निरंजनी अखाड़े के 24 और निर्मोही अनी अखाड़े के 34 संतों सहित 13 महामंडलेश्वर, 24 मंडलेश्वर और महंत शामिल हैं।

अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत राजेंद्र दास के अनुसार निर्मोही अनी अखाड़े से निष्कासित संतों में नासिक के महामंडलेश्वर जयेंद्रानंद दास, चेन्नई के महामंडलेश्वर हरेंद्रानंद, अहमदाबाद के महंत रामदास, उदयपुर के महंत अवधूतानंद और कोलकाता के महंत विजयेश्वर दास शामिल हैं

## धन्ना तलाई के ड्रेनेज सिस्टम कार्य व सौन्दर्यीकरण के लिए डेढ़ करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि की स्वीकृति जारी हुईः पायलट

### सचिन पायलट ने नीरज डांगी का आभार जताया

**चमकता राजस्थान**

**टोंक।** टोंक शहर स्थित धन्ना तलाई के पानी की निकासी के ड्रेनेज सिस्टम तथा सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु डेढ़ करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं टोंक विधायक सचिन पायलट की अनुशंषा पर राज्य सभा सांसद नीरज डांगी ने अपने सांसद कोष से उक्त कार्य की स्वीकृति जारी की है।

गौरतलब है कि वर्षों से धन्ना तलाई गंदे तालाब के रूप में होने से वहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विगत दिनों पायलट द्वारा वहां चल रहे विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा इसका डेज्नेज सिस्टम कार्य एवं सौन्दर्यीकरण करवाने की मांग भी उठायी गई थी जिस पर पायलट ने शीघ्र ही कार्य करवाने का आश्वासन दिया था।

उक्त स्वीकृति जारी किये जाने पर पायलट ने नीरज गांधी का आभार व्यक्त किया है।



## सिक्किम के पूर्व मंत्री का शव मिला नहर में

**सिलीगुड़ी/एजेंसी।**

सिक्किम के पूर्व मंत्री आरसी पौड्याल का शव उनके लापता होने के 9 दिन बाद पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी के पास एक नहर में मिला। पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 80 साल के पौडयाल का शव मंगलवार को फुलबारी में तीस्ता नहर में तैरता हुआ पाया गया। पुलिस अधिकारी ने इस घटना की जानकारी देते हुए कहा, रिपोर्ट के मुताबिक, यह संदेह है कि शव को तीस्ता नदी के ऊपरी हिस्से से नीचे लाया गया होगा। उसकी पहचान घड़ी और उसके पहने हुए कपड़ों से हुई। पुलिस ने बताया कि 7 जुलाई को पाक्योंग जिले में अपने गृहनगर छोटा सिंगतम से लापता होने के बाद राजनेता की तलाश के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में अधिशासी अभियंता खंड प्रथम द्वारा एसपीपीपी पोर्टल पर जी -शेड्यूल डाउनलोड नहीं करने से हो रहा भारी भ्रष्टाचार

### ऑफ़लाइन टेंडरों में डाउनलोड नहीं कर रहे जी-शेड्यूल

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में अधिशासी अभियंता खंड प्रथम द्वारा एसपीपीपी पोर्टल पर जी -शेड्यूल डाउनलोड नहीं करने की जानकारी सामने आयी है।

मिली जानकारी के अनुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिशासी अभियंता पाँच लाख से कम के होने वाले ऑफ़लाइन टेंडरों में जी-शेड्यूल डाउनलोड नहीं करवाते हैं, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अलावा सभी विभाग एस पी पी पी पोर्टल पर जी-शेड्यूल को डाउनलोड कर रहे हैं,जी -शेड्यूल डाउनलोड नहीं होने से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है,टेंडर जारी करने की अंतिम तिथि को अधिकारी कुर्सी पर नहीं मिलते हैं उसके पश्चात दूसरा कॉरिजेंडम जारी कर नई तिथि जारी कर दी जाती है और ठेकेदार को टेंडर नहीं दिया जाता है!

सरकारी टेंडरों के तहत किए जा रहे कार्यों को करने से पहले संबंधित अधिकारियों को जी-शेड्यूल संलग्न करना होता है लेकिन अधिशासी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग खंड प्रथम द्वारा इसकी पालना नहीं की जा रही है !

मिली जानकारी के अनुसार अधिशासी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग खंड प्रथम अनिल कुमार जैन तीन साल से इसी मलाई वाले पद पर जमे अनिल कुमार जैन की हाल ही में डीपीसी हुई है!

### क्या है जी शेड्यूल

राजस्थान में किसी भी विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले एस पी पी पी टेंडरों में जी-शेड्यूल एक हिस्सा होता है जिसमें टेंडर की सभी शर्तें डाउनलोड ( जी-शेड्यूल सहित)की जा सकती है ताकि कहीं भी बैठा हुआ व्यक्ति टेंडर भर सकता है उसे विभाग में जाने और कैशियर से मिलने की आवशयकता नहीं होती है !



### भारतीय अर्थव्यवस्था

# न यूएस, न चीन...भारत का पीछा करने में छूट रहे ड्रैगन के पसीने

## आंकड़ों ने खोल दी अमेरिका की भी पोल

**नयी दिल्ली।**

दुनिया की दो पावरफुल देशों की आर्थिक सेहत बिगड़ती जा रही है। अमेरिका जहां कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है तो वहीं चीन की इकॉनमी उसके लिए चुनौती बनती जा रही है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग की नीतियां चीन की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ने लगी है। चीन की सुस्त विकास दर के आंकड़ों ने चीन की इकॉनमी की पोल दुनियाभर के सामने खोल दी है। भारत को चुनौती देने वाला ड्रैगन फिलहाल हांफ रहा है।

भारत की विकास की गाड़ी जहां अनुमान से तेज भाग रही है, वहीं चीन की विकास दर सुस्त पड़ गई है। बीजिंग नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिक्स ने सोमवार (को साल की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े पेश किए, जो चीन की टेंशन बढ़ाने के लिए काफी है। दूसरी तिमाही में चीन की विकास दर 4.7 फीसदी है, जबकि पहली तिमाही में यह 5.3 फीसदी थी। चीन की विकास दर अनुमान से पीछे होती जा रही है। अगर भारत की बात करें तो उसने अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए दूसरी तिमाही में 7.6 फीसदी विकास दर के लक्ष्य को हासिल किया।

आईएमएफ ने भारत के विकास दर से अनुमान को बढ़ा दिया है। आईएमएफ के अनुमान के मुताबिक भारत की अर्थव्यवस्था साल 2025 तक 7 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। इससे पहले अप्रैल में आईएमएफ ने 6 फीसदी का अनुमान रखा था, जिसे अब बढ़ाकर 7 फीसदी कर दिया है।वहीं रिजर्व बैंक का अनुमान है साल 2025 तक भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी।

वहीं आईएमएफ ने कहा कि ग्लोबल इकॉनमी 3.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी। आईएमएफ के मुताबिक साल 2025 तक अमेरिका की इकॉनमी 2.6 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। वहीं चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर आईएमएफ ने कहा कि साल 2025 तक वो 5 फीसदी की दर से बढ़ेगी। अब अंदाजा लगाया जा सकता है कि चीन , अमेरिका जैसे शक्तिशाली देशों के सामने भारत कितनी तेजी से बढ़ रहा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929